वर्षः 16 | अंक 349 | सीकर, रविवार 15 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक





महा शिवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# पीएम मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

## देश का बुरा सोचने वाले को कांग्रेस कंधे पर बैठाती है : मोदी

गुवाहाटी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था। उन्होंने कहा- आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के ष्ट-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने।




### पीएम मोदी के भाषण की 5 खास बातें

- कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं।
- जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं।
- भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।
- पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई।
- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने। शौचालय बने। पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है।

### मोरन बाइपास चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी. दूर

पीएम मोदी का प्लेन आज सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300किमी. दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है। असम में इसी साल विधानसभा चुनाव है। राज्य में 2016 से लगातार दो बार एनडीए की सरकार बनी है। इससे पहले 2001-2016 तक कांग्रेस की सरकार थी।

# महाशिवरात्रि आज

## शिवालयों में चार प्रहर की पूजा सहित विशेष योग में रुद्राभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सर्वार्थ सिद्धि योग, बुधादित्य योग और चतुर्ग्रही योग का विशेष संयोग बन रहा है। सुबह से देर रात तक शहर के शिवालयों में हर-हर महादेव के जयघोष गूंजेंगे। छोटीकाशी के प्रमुख मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर जी मंदिर, बनी पार्क के जंगलेश्वर महादेव मंदिर, वैशाली नगर के झारखंड महादेव मंदिर, छोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर महादेव और आमेर के भूतेश्वर महादेव सहित विभिन्न शिवालयों में भक्त जलाभिषेक कर गाजर, बेर, सोगरी, आक, बिल्व पत्र आदि अर्पित करेंगे। कई मंदिरों में चार प्रहर की विशेष पूजा होगी। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर उत्तराषाढ़ा के बाद श्रवण नक्षत्र रहेगा। मकर राशि का चंद्रमा भी पूजा के लिए शुभ फलदायी है। श्रद्धालु रुद्राभिषेक कर मनोकामना पूर्ति और ग्रह दोष शांति की कामना करेंगे।

अविवाहित युवक-युवतियां योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए व्रत रखेंगे, वहीं विवाहित महिलाएं माता पार्वती को सिंदूर या मेहंदी अर्पित कर वैवाहिक सुख की कामना करेंगी। प्रथम प्रहर शाम 6:14 से 9:27 बजे तक, द्वितीय प्रहर 9:28 से 12रू41 बजे तकए तृतीय प्रहर 12रू42 से 3रू54 बजे तक और चतुर्थ प्रहर 3:55 से 7:07 बजे तक रहेगा। निशीथ काल मध्य रात्रि 12:15 से 1:06 बजे तक माना गया है।



### झारखंड महादेव मंदिर में मेले की तैयारी

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर का प्रबंधन बब्बू सेठ मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जा रहा है। हर वर्ष यहां लाखों श्रद्धालु अभिषेक के लिए पहुंचते हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी ने बताया कि सुबह 4:30 बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 200 वालेंटियर तैनात रहेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा करीब 200 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पार्किंग, पेयजल और कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई है।

### प्रदोष पर फाल्गुनी श्रृंगार, फागोत्सव आयोजित

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर फाल्गुन प्रदोष व्रत पर शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक और फाल्गुनी श्रृंगार किया गया। मुरलीपुरा स्थित श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर में फागोत्सव का आयोजन हुआ, जहां भक्तों ने भजनों के साथ दर्शन किए।

### समरसता रुद्राभिषेक का आयोजन

शनि प्रदोष पर न्यू सांगानेर रोड स्थित वीर चमत्कारी हनुमान मंदिर में घुमंतू जाति उत्थान न्यास के तत्वावधान में समरसता रुद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। आयोजन में समाज में समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया गया।

## कोबरी-सार




## राजस्थान में बारिश का अलर्ट, तापमान 5 डिग्री

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी के उतार-चढ़ाव के बीच अगले सप्ताह बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले सप्ताह जयपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। नए वेस्टर्न डिर्स्टबेंस के सबसे ज्यादा असर 17 और 18 फरवरी को रहेगा। इससे पहले राज्य में मौसम साफ रहने की संभावना है और तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने दिन में हल्की गर्मी महसूस हो सकती है, जबकि सुबह-शाम न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास रहने से हल्की सर्दी रहेगी।

## बीजेपी नेता को रोहित गोदारा गैंग की धमकी, फिरौती मांगी

**नागौर।** नागौर में भाजपा नेता को रोहित गोदारा गैंग ने रंगदारी के लिए धमकी दी है। बीजेपी के नागौर देहात जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह पलाड़ा को विदेशी नंबर से आए वॉयस नोट भेजा गया है। जिसमें आरोपी ने धमकी देते हुए कहा-भाईचारे की बात करना चाहते हैं। लेकिन, कुछ दूसरा सोच रखा है तो बता देना।

॥ शोक-सन्देश ॥



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया **श्रीमती भगवती देवी शर्मा** का हृदयघात होने से दिनांक 07.02.2026 को आकस्मिक निधन हो गया है। जिनकी नियमित शोक सभा बैठक हमारे निवास स्थान **"दाता निवास"** मण्डावा में दिनांक 17.02.2026 तक रहेगी।

**शोकाकुल :-** श्री राम शर्मा (पति), डॉ. राधारमण शर्मा-सुमन शर्मा (पुत्र-पुत्रवधू), डॉ. शुभम शर्मा-डॉ. सुप्रिया शर्मा (पौत्र-पौत्रवधू), कार्तिकेय (पड़ पौत्र), मंजु, अनिल जी-, दीक्षित (पुत्री-पुत्रीदामाद), हिमांशी-राहुल जी, शुभांशी-आशीष जी (पौत्री-पौत्रीदामाद) एवं समस्त ढण्ढ परिवार, मो.- 9414541751

18/2/26 को एकादशा का जागरण व प्रसाद एवं 19/2/26 को द्वादशा का आयोजन रखा गया है।

# पदनाम बहाल नहीं तो झुंझुनू के चिकित्सकों का संघर्ष तय

## नियम विरुद्ध आदेश निरस्त करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग तेज

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जीएमसी झुंझुनू में छह माह के भीतर छह चिकित्सकों के पदनाम विलोपित किए जाने के विरोध में चिकित्सकों की आवाज अब खुलकर सामने आ गई है। चिकित्सकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पदनाम बहाल नहीं किए गए तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि जून 2024 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के निर्देशानुसार संबद्ध अस्पतालों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों को पदनामित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। 17 जुलाई 2024 को राजमेस सोसायटी द्वारा 48 चिकित्सकों को पदनामित किया गयाए जिसके आधार पर मेडिकल कॉलेज को मान्यता प्राप्त हुई। चिकित्सकों का कहना है कि वे स्थापना काल से ओपीडीए आईपीडीए आपातकालीन सेवाओं, शिविरों, कारागार ड्यूटी तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में लगातार सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद पिछले छह माह में छह चिकित्सकों के पदनाम विलोपित कर दिए गए। आरोप है कि यह कार्रवाई राजस्थान सेवा नियमों में निर्धारित प्रक्रिया नोटिस, जवाब का अवसर और सक्षम स्तर से अनुमोदन का पालन किए बिना की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि फार्माकोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विभाग में वर्तमान में केवल पदनामित चिकित्सक ही कार्यरत हैं। उनके विलोपन से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर भी संकट की आशंका जताई गई है। चिकित्सकों ने छहों पदनामित चिकित्सकों की तत्काल बहाली, एकतरफा कार्रवाई की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है।



**विधायक भाम्बू को सौंपा मांगपत्र**-अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के बैनर तले चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक राजेन्द्र भाम्बू को भी ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में डॉ. राकेश साबू द्वारा कथित रूप से नियमविरुद्ध जारी आदेशों को निरस्त करने और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज में अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं और विद्यार्थियों व फैकल्टी के हित प्रभावित हो रहे हैं। विधायक ने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री एवं चिकित्सा मंत्री से वार्ता कर मामले को विधानसभा में उठाएंगे। सेवारत चिकित्सक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मंगलवार तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर के चिकित्सक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे और इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर पूर्ण कार्यबहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान अरिसदा अध्यक्ष डॉ. एस. ए. जब्बार, उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. शीशराम गोठवाल, डॉ. श्रीराम दुलड, डॉ. संदीप नेमीवाल, डॉ. विजय झाझडिया, डॉ. सुरेश मील, डॉ. सलीम जाजोदिया, डॉ. सपना झाझडिया, डॉ. शक्तिसिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ. राजेश कुमार सहित अरिसदा सदस्य एवं पदनामित चिकित्सक उपस्थित रहे।

## बाइक और गाड़ी की भिड़ंत

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ीनगर थाना क्षेत्र के खरखड़ा के पास शनिवार दोपहर को बाइक व गाड़ी की भिड़ंत हो गई। इस दौरान हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए झुंझुनूं रैफर किया गया है। परिवहन निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि वह विभाग की बैठक में भाग लेने के लिए सीकर जा रहे थे। इस दौरान जब खरखड़ा के पास पंहुचे तो एक बाइक सवार किसी अज्ञात गाड़ी की टक्कर लगने से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। इस दौरान उन्होंने सड़क पर घायल बाइक सवार को देखकर मानवता के नाते उन्होंने अपनी गाड़ी में घायल को बैठाया तथा खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया। इस दौरान डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया गयाए लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे झुंझुनूं रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर खेतड़ी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल के बारे में जानकारी जुटाई। इस दौरान उसकी बाइक के नंबर से जानकारी जुटाई तो उसकी पहचान दनचौली नारनौल निवासी आशीष पुत्र पवन योगी के रूप में हुई। इस दौरान घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि खरखड़ा रोड़ पर पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद भी पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हादसों को रोकने के लिए खतरनाक मोड़ पर संकेतक बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। एचसी सुगन सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना खेतड़ीनगर पुलिस को मौके पर भेजा गया है। परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए झुंझुनू भिजवाया गया है। गाड़ी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। रिपोर्ट आने पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष कल आएंगे सीकर प्रवास पर

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा 16 फरवरी सोमवार को सीकर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उनका जयपुर के प्रदेश कार्यालय से लेकर सालासर तक कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया जाएगा। वे इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार के बजट पर युवा संवाद भी करेंगे। भाजपा के जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा सुबह 9 बजे जयपुर प्रदेश भाजपा कार्यालय से सालासर के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां से वे भवानी निकेतन, 14 नंबर पुलिया, हरमाड़ा, राजावास, टांटियावास टोल, रामपुरा, गढ़ गणेश चौमूं पहुंचेंगे। यहां पर कार्यकर्ताओं का स्नेह मिलन होगा। गोरा दोपहर 12:45 बजे गोविंदगढ़ होते हुए जिले की सीमा सरगोठ में प्रवेश करेंगे। यहां से रींगस, पलसाना, रानोली, त्रिलोकपुरा, बाजौर, रामू का बास होते हुए दोपहर 2:30 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। वे यहां युवा संवाद एवं प्रेस वार्ता करेंगे। भाजयुमो जिलाध्यक्ष स्वदेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष गोरा भाजपा कार्यालय से रोड शो के साथ दोपहर 3:30 बजे रवाना होकर सांवली सर्किल, रानी सती मंदिर, बहड़ सर्किल, रामलीला मैदान, कल्याणजी का मंदिर, घंटाघर, सूरजपोल गेट, जाट बाजार, कल्याण सर्किल, डाक बंगला, बालाजी हॉस्पिटल पिपराली रोड, युवी रेजिडेंसी, बढ़ाढ़र तिराहा होते हुए सायं 4:30 बजे लक्ष्मणगढ़ पहुंचेंगे। यहां से सायं 5 बजे रवाना होकर जाजोद टोल होते हुए सायं 5330 बजे सालासर पहुंचेंगे। बालाजी के दर्शन कर रात्रि विश्राम वहीं करेंगे।

## पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पूनियां का किया स्वागत



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनियां का दिल्ली से लौटते समय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। शुक्रवार को डॉ. पूनियां दिल्ली से सड़क मार्ग से जयपुर लौट रहे थे सूरजगढ़ पहुंचने पर घरडु चौराहे पर पूर्व विधायक सुभाष पूनियां व एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय गोयल, युवा नेता अमित बिजारणियां, रूपेन्द्र सिंह, कपिल सिरोवा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलश यात्रा निकाली



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव में ठाकुरजी के मंदिर से केशव गोशाला लोयल चिड़ासन तक शनिवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों की संख्याओं में महिलाएं समिलित हुई। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर नाचते मंगल गीत गाते हुए यात्रा ठाकुरजी के मंदिर से शुरू होकर बाबा थानदेव मंदिर के पास से होते हुए गौशाला प्रांगण मे पहुंची। यात्रा के समय महिलाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और धार्मिक उद्घोस और भक्ति गीतों से ओत्त प्रोत महिलाओ ने सारे माहौल को धार्मिक रूप दे दिया। महिलाओं ने जहां हनुमान मंदिर में बजरंग बली के भजन गाकर गौशाला प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। इसमें हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर गौ सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रविवार सुबह सवा 8 बजे गौशाला प्रांगण में शिव मंदिर का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा। उसके उपरांत सुबह सवा 10 बजे से तरुण बाल्यान व उनकी पार्टी द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जावेगी। शिव मंदिर शिलान्यास के समय लोयल, चिड़ासन व आस पास के गाँवों के श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक महेंद्र काजला, पूर्व सरपंच मनरूप काजला, मोतीलाल मीणा, गंगाधर काजला, प्रकाश बेरवाल, सूबेदार रामसिंह, मनीराम, इन्द्र सिंह, हंसराम, सुरेश बेरवाल, डॉ जितेंद्र तंवर, संदीप बेरवाल, कुलदीप मेघवाल, सुनिल बेरवाल, कमला देवी, अनिता देवी, माया देवी, सन्तोष देवी, कमलेश देवी, सजना देवी, सुशीला देवी, ममता देवी, इंदिरा देवी, नवीना देवी, आशा देवी, नवीन टैलर, सुमेर सिंह महला, गोशाला अध्यक्ष हंसराम लांबा, सुमेर काजला, भवानी राजपूत, कुलदीप राजपूत, हरीराम राजपूत, रामस्वरूप सारवाण, सुरेन्द्र काजला, लीलाराम सैन, सावरमल मीणा, बैजाराम मीणा, संजय मीणा, गुलझारी लाल, विकाश काजला, रघुवीर काजला, ओमप्रकाश पायल सहित अनेक ग्रामीण व महिलाएं मौजूद थी।

# ईट राइट मिलेट्स मेला : मिलेट्स को अपनाएंगे, फास्ट फुड नहीं खाएंगे

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से शनिवार को अरबन हाट बाजार में ईट राइट मिलेट्स मेले का आयोजन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया के मुख्य आतिथ्य में हुए मेले में वक्ताओं से मिलेट्स का महत्व बताते हुए खाने में इसका उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने मिलेट्स का सेवन करने से होने वाले शारीरिक फायदे बताते हुए इनका सेवन करने से बीपी, शुगर, डायबिटिज जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। मिलेट्स में फाइबर, प्रोटिन, आयरन, कैल्सियम, मैग्नीशियन, जिंक, विटामिन बी आदि अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। मिलेट्स पाचन विकास आदि से सुरक्षा करने में सहायक है। मेले की अध्यक्षता दांतारामगढ़ के भाजपा नेता गजानंद कुमावत ने की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना शर्मा, जिला समन्वयक राकेश लाटा थे। इस अवसर पर अतिथियों ने मिलेट्स पोस्टर का विमोचन भी किया। मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया व एडीशनल सीएमएचओ डॉ. हर्षल चैधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। मेले में सीकर शहर के खाद्य व्यापारी तथा सरकारी व प्राइवेट नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अतिथियों ने मेले में लगी विभिन्न प्रकार के मिलेट्स उत्पाद की स्टॉल का निरीक्षण किया और बाजरेए रागी के बिस्किट भी खरीदे।

### जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया वॉकथान को

इससे पूर्व श्री कल्याण स्कूल के खेल मैदान में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथान को रवाना किया। वॉकथान में नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी हाथों में मिलेट्स को बढ़ावा देने से संबंधित नारे लिखी तख्तियां तथा बैनर लेकर चल रहे हैं। वॉकथान शहर के बजरंग कांटा, डिपो तिराहा होते हुए अरबन हाट बाजार पहुंची। वॉकथान में छात्र छात्राएं मिलेट्स अपनाएंगे, पीजा बर्गर नहीं खाएंगे, कदम बढ़ाएं, सेहत बनाए, ईट राइट का संदेश फैलाए, मोटा अनाज अपनाओ खुद को बलवान बनाओ जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महरिया, एडीशनल सीएमएचओ डॉ. हर्षल चैधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी महमुद अलीए फुलसिंह बाजिया, सुरेश कुमार शर्मा, नंदराम मीणा, डीईओ वेदप्रकाश बाजिया सहित सभी प्रशिक्षु एसएफओ व चिकित्सा विभाग के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** पुलवामा हमले में शहीद हुए शहीदों को आरटीओ ऑफिस स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपली नगर में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक गौरव सेनानी प्रदेश संगठन मंत्री जयपाल सिंह शेखावत ने पुलवामा घटना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि तत्कालीन समय में पूर्व सैनिक संगठन एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा पूर्व मंत्री सुभाष महरिया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय दल में जयपाल सिंह शेखावत, बीएल मील, मदन गढ़वाल, मामराज भूरिया, रामेश्वर रणवा ने पुलवामा में शहीद हुए राजस्थान के पांचों शहीदों के घर जाकर प्रति वीरांगनाओं को एक लाख 71 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

विद्यालय की प्राचार्य सुनीता आर्य ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके शहीदों की वीर गाथाओं के बारे में बताया । शारीरिक शिक्षक राजवीर सिंह ने भी पुलवामा घटना में शहीदों की अमर गाथा का बखान किया। इस अवसर पर रामस्वरूप सैनी, पूजा कुमारी, सुमन चौधरी, सुमन सिसोदिया, चंदा देवी, सुभीता देवी आदि मौजूद रहे।

## ताखर पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का उद्घाटन



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रुक्मणी गार्डन रींगस में स्थित ताखर हॉस्पिटल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पंचकर्म एवं नेचुरोपैथी सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खंडेला विधायक सुभाष मील एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर किया गया। उद्घाटन में वरिष्ठ जन सेवा समिति के अध्यक्ष पेमाराम चौधरी, थाना अधिकारी सुरेश कुमार देवन्दा, ताखर हॉस्पिटल के संरक्षक मानभरी देवी, रिछपाल सिंह लाम्पूआ, अशोक धायल, डॉ. अजय सक्सेना, रक्षपाल धायल, लक्ष्मण सामोता, सूरजमल घोषल्या, सरदार घायल, एडवोकेट दीपक बाजिया, डॉ. शंकर लाल शर्मा, प्रधानाचार्य कीर्ति सिंह, सुनील कुमावत, राम लाल बिजारणिया उपस्थित रहेद्य ताखर हॉस्पिटल फिजियोथैरेपी में राजस्थान के निजी क्षेत्र में सबसे बड़ा केंद्र है अपनी सेवाओं में विस्तार करते हुए पंचकर्म नेचुरोपैथी एवं योग भी शुरू किए गए हैं जो की आमजन की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए एक छत के नीचे सभी पद्धतियों की सुविधा मिल सकेगी। माइग्रेन, सिर दर्द, अनिद्रा, जोड़ों में दर्द, कमर दर्द, लकवा, रीड की हड्डी की चोट, गठिया, मोटापा, बी पीएशुगर आदि रोगों का इलाज फिजियोथैरेपी नेचुरोपैथी एवं पंचकर्म द्वारा किया जाएगा। डॉ भंवर सिंह ताखर और डॉ बलबीर सिंह ताखर ने आये हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया रक्तदान शिविर में 52 लोगों ने रक्तदान किया इस इस अवसर पर वेदांता प्राचार्य डॉ कीर्ति सिंह सोहनी लाम्बा ज्योति राजावत दुलाराम बावलिया, अर्जुन सिंह लांबा, सुभाष बिजारणिया, झाबर बिजारणिया, मोहन धायल, सुरेश खरेसिया, झाबर घोषल्या, सरदार मान, मुकेश ताखर, गोविंद शर्मा, राम कुमावत, सुभाष भावरिया, कल्पना बिजारणिया उपस्थित रहे।

## विशाल हिंदू सम्मेलन आज




निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** वीर सावरकर बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर फोल्डर का विमोचन किया गया पवन बोथरा ने बताया वीर हनुमान बू गली बालाजी मंदिर मालासी बास में विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर फोल्डर का विमोचन किया गया साथ ही उन्होंने बताया दो पर 12 बजे भूतनाथ मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली जाएगी जो 2 बजे वीर हनुमान बूगली मंदिर पहुंचेगी जहां पर दंडी स्वामी जोगेंद्र आश्रम महाराज के सानिध्य में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा आयोजन को लेकर सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई है।

# जंगली जानवर का आतंक, दो जगह बाड़े में बंधी बकरियों का किया शिकार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में इन दिनों जंगली जानवर का आतंक बना हुआ है। देर रात को भी जंगली जानवर ने कस्बे के दो स्थानों पर बाड़े में बंधी बकरियों का शिकार कर लिया। आए दिन होने वाली घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 16 निवासी रामचंद्र व ताराचंद ने अपने मकान के पास बने बाड़े में बकरी बांध रखी थी। किसी जंगली जानवर ने रात बाड़े में घुसकर बकरी का शिकार कर लिया। रात करीब 11 बजे बकरियों की तेज आवाजें आईं तो उसे जाग हो गई। उसने हल्ला किया तो जंगली जानवर वहां से भाग गया। आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और रातभर पहरा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवर आए दिन किसानों के मवेशियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रशासन से जंगली जानवरों को आबादी में आने से रोकने और पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में सात घटनाएं हो चुकी है। राज्य सरकार ने खेतड़ी बांसियाल रिजर्व कंजर्वेशन तो बना दिया, लेकिन कंजर्वेशन में जंगली जानवरों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए। इसके अलावा कंजर्वेशन में जंगली जानवरों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने पर वह आए दिन आबादी क्षेत्र में आकर मवेशियों का शिकार कर रहे हैं। ग्रामीणों की ओर से जंगली जानवरों को कंजर्वेशन में रोकने के लिए कई बार वन विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन वन विभाग की लापरवाही से आमजन दहशत के साए में रहने को मजबूर हैं। घटना की सूचना पर खेतड़ी सीआई मोहन लाल, वन विभाग की टीम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इस दौरान वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके से पगमार्क उठाए। इस दौरान ग्रामीणों ने जंगली जानवरों पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर पार्षद लीलाधर सैनी, एसआई सुनील सैनी, बनवारी लाल, मोहनलाल, महिपाल रिणवा, सुगन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन आज



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** देश भर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों के मध्य नजर टमकोर में भी रविवार को देवों के देव महादेव की उपासना पर्व महाशिवरात्रि पर विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संस्कृति रक्षा व हिंदू एकता कलश यात्रा का आयोजन बालाजी मंदिर से शुरू होकर गोरखनाथ मंदिर शिवालय तक रहेगा। इस कार्यक्रम को लेकर शनिवार शाम को समिति द्वारा पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम किया गया। समिति ने बताया कि कलश यात्रा सवा 11 बजे बालाजी मंदिर से शुरू होकर गांव के मुख्य रास्तों से होते हुए गोरखनाथ मंदिर तक पहुंचेगी। इसके बाद हवन व संत प्रवचन का कार्यक्रम आयोजन होगा। कार्यकर्ताओं द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर घर-घर में पीले चावल बांटकर निमंत्रण दिया जा रहा है।

# साधना-सत्संग एवं नाम दीक्षा का महाआयोजन 17-18 फरवरी को

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय पुलिस थाने के पीछे स्थित सरस्वती विद्यालय के अंदर के श्रीरामशरणम सत्संग हॉल में 17 एवं 18 फरवरी 2026 को श्खुला साधना-सत्संग एवं नाम दीक्षा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनने व सभी साधकों को अलग अलग जम्मिेदारी सौंपी गई। वरिष्ठ साधक ओम प्रकाश सैनी ने बताया कि यह आयोजन परम आदरणीय संत शिरोमणि श्री स्वामी सत्यानंद महाराज, परम पूज्य संत प्रवर्तक श्री प्रेम जी महाराज एवं परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन डॉ. श्री विश्वामित्र महाराज की असीम अनुकंपा से संपन्न होगा। आयोजन की शुरुआत 17 फरवरी, मंगलवार को प्रात: 6:45 बजे ध्यान एवं कीर्तन के साथ होगी। इसी दिन प्रात: 9:30 बजे से 11:00 बजे तक श्री अमृतवाणी जी का सामूहिक पाठ, भजन, प्रवचन एवं नाम दीक्षा दी जाएगी। 18 फरवरी, बुधवार को सायं 4:15 बजे सामूहिक पाठ, भजन एवं आरती के साथ खुले साधना-सत्संग का समापन किया जाएगा। वही वरिष्ठ साधक ईश्वर प्रजापत ने बताया कि नाम दीक्षा पूर्णत: सरल एवं सहज है, जिसमें कोई आडंबर, बंधन, गुरु-दक्षिणा या विशेष पूजा का विधान नहीं है। केवल साधना करने एवं राम-नाम जपते रहने का संकल्प कराया जाता है। सत्संग में सहभागिता हेतु साधकों से भक्ति प्रकाश एवं श्रीमद्भगवद्गीता ग्रंथ साथ लाने तथा प्रत्येक बैठक से 15 मिनट पूर्व सत्संग हॉल में पहुंचने का आग्रह किया गया है। यह आयोजन श्रीरामशरणम सत्संग हॉल, सरस्वती विद्यालय, पुलिस थाने के पीछे, सरदारशहर में आयोजित होगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं एवं साधकों से इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की हैं। बैठक में सांवरमल पारीक, ईश्वर प्रजापत, दिनेश सोनी, चन्दन सैनी, बाबूलाल, हरिप्रसाद राकेश सैनी, गोरीशंकर, मनीष सैनी, रोहित, चंद्रकला स्वामी, माया शर्मा, रितु राठौड़ आदि मौजूद रहे।

# पीसीसी चीफ डोटासरा का हमशक्ल बना चर्चा का विषय

### लाडनूं के नरेश सिंधी गोविंद डोटासरा के हमशक्ल

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** कांग्रेस पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश की राजनीति का एक चर्चित नाम है। वे अपने हाव-भाव, बॉडी लैंग्वेज और दमदार भाषणों के चलते लोगों में काफी चर्चित रहते हैं। लाडनूं का एक शख्स हूबहू गोविंद सिंह डोटासरा जैसे दिखाई देते हैं। उनके बाल बनाने की स्टाइल डोटासरा के जैसी है, वहीं उनकी कद काठी, चाल ढाल और बॉडी लैंग्वेज भी लगभग डोटासरा की तरह ही नजर आ रही है। डोटासरा के यह हमशक्ल दिखने वाले व्यक्ति का नाम नरेश कुमार है, जो लाडनूं में रहते हैं। 42 वर्षीय नरेश



सिंधी मेडिकल कंपनी में जॉब करते हैं और उनका खुद का कैटरिंग का भी काम है। वे अक्सर शादी समारोह में बुकिंग पर जाते हैं। नरेश लगभग 20 सालों से लाडनूं में रह रहे हैं।

### डोटासरा के ननिहाल रिंगण से हमशक्ल को मिली शोहरत

डोटासरा जैसे नजर आने वाले नरेश कुमार ने बताया कि रिंगण गांव में एक शादी समारोह की बुकिंग में वे गए हुए थे तब वहां एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि मैं गोविंद सिंह डोटासरा जैसा दिखता हूं। इस दौरान उन्होंने मेरा वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसके बाद से लगातार लोगों के फोन आने लगे। नरेश कुमार ने कहा कि मैंने कभी भी गोविंद सिंह डोटासरा को नहीं देखा, ना मैं कभी उनसे मिला हूँ। जब यह वीडियो वायरल हुआ तो मेरे पास लोगों के फोन आये और मुझे डोटासरा का हमशक्ल बताने लगे। इस पर मुझे काफी आश्चर्य भी हुआ। हालांकि नरेश को राजनीति में भी कोई विशेष लगाव नहीं है। लेकिन एक विडियो के वायरल होने के बाद से उनके प्रशंसकों के कॉल आने का सिलसिला अब थमने का नाम नहीं ले रहा।

## विराट हिन्दू सम्मेलन आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** सर्व हिन्दू समाज, राजपुरा की ओर से रविवार दोपहर सवा 12 बजे, शिव मंदिर राजपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में महायज्ञ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, हनुमान चालीसा पाठ, विशिष्ट नागरिक अभिनंदन एवं बौद्धिक संत सानिध्य प्रवचन आयोजित होंगे। इसके अतिरिक्त सम्मेलन आयोजन से पूर्व सुबह साढ़े 11 बजे भव्य कलश यात्रा ठाकुरजी मंदिर, राजपुरा से शिव मंदिर, राजपुरा तक निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु एवं समाजजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। आयोजकों ने सभी समाजबंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर टांक जयपुर लीजेंड अवॉर्ड से सम्मानित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और युवाओं के आइकन जयपुर रनर्स क्लब के डायरेक्टर विष्णु टांक को मैराथन के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखते हुए जयपुर लीजेंड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। टांक समाज सेवा कार्य करने के साथ अपने जीवन में दौड़ को अपना बना लिया हे।वे हर दिन थोड़ा वक्त स्वास्थ्य के लिए जरूर दौड़ते हे । कोरोना काल के वक्त जब सब कुछ बंद था। लेकिन उनके जुनून के आगे सब कुछ पीछे रह गया। उन्होंने अपने घर की छत को ही ट्रैक के रूप में समझ हर दिन दौड़ते। लोगों की फिटनेस के क्षेत्र में भी निरंतर अपना युवाओं को योगदान दे रहे है। नई मिसाल कायम कर रहे हैं। टांक 2017 से



अपने जीवन में दौड़ की शुरुआत की जो हर दिन सुबह दौड़ते हे। अपने मैराथन करियर में कई नेशनल ओर इंटरनेशनल दौड़ में प्रतिभागी बन चुके। जिसमें टांक के नाम कई रिकॉर्ड भी शामिल हे। जिसमें कई अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। जयपुर एयू मैराथन में सात साल से लगातार पार्टिसिपेट कर भाग लेते हे। हर साल ये 42 किलोमीटर फुल मैराथन में दौड़ते हे। 58 उम्र में भी नौ जवानों की तरह दौड़ लगाते हैं और युवाओं को प्रेरित करते हे।

## मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शनिवार को स्वीप गतिविधि के तहत मातृ-पितृ पूजन दिवस के अवसर पर जिले के समस्त शिक्षण संस्थानों में संचालित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के विद्यार्थियों ने पाती मां और पिता के नाम लिखकर नैतिक मतदान का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया और पाती मां और पिता के नाम गतिविधि के माध्यम से उन्हें आगामी चुनावों में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प दिलाया। बच्चों द्वारा लिखे गए इन पत्रों में लोकतंत्र के प्रति उनकी जागरूकता और अपने अभिभावकों को राष्ट्रहित में वोट डालने की अपील की गई। स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपने माता-पिता और बुजुर्गों के प्रति आदर भाव के साथ-साथ लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ना है। ईएलसी क्लबों के माध्यम से विद्यार्थियों ने श्वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के नारे के साथ मतदान जागरूकता का संदेश दिया। इसी के साथ जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में प्रधानाचार्यों और ईएलसी प्रभारियों की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने सुंदर पोस्टकार्ड और पत्रों पर स्लोगन लिखकर अपने माता-पिता को प्रेषित किए तथा आवश्यक रूप से मतदान करने का संकल्प भी लिया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिले के राजकीय विद्यालयों में 26274 विद्यार्थियों तथा निजी विद्यालयों में 27389 विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को पाती लिखकर नैतिक मतदान का संदेश दिया।

## नारद महिमा के रस में डूबे श्रद्धालु



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कारुंडिया रोड स्थित स्काउट गाइड मैदान में अलसीसर शर्मा परिवार के तत्वावधान में दूसरे दिन शनिवार को गौसंवर्धन हेतु आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पडी और पूरा पंडाल भक्तिरस और संकीर्तन से गूंज उठा। संयोजक प्रदीप शर्मा अलसीसर वाले ने बताया कि मुख्य यजमान पुष्पा देवी, विमल शर्मा ने पूजा करवाई। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का वाचन कथावाचक लाल गोविंद दास महाराज इस्कॉन मंदिर अमेरिका ने कहा कि नारद मुनि केवल देवर्षि ही नहीं थे बल्कि भक्ति के प्रथम आचार्य है उन्होंने अपने जीवन से यह सिद्ध किया की सच्ची भक्ति किसी भी परिस्थिति में मनुष्य को परमपद तक पहुंचा सकती है। उनके जीवन प्रसंगों के माध्यम से बताया गया असंख्य जीवों को भगवान की भक्ति से जोड़ा और धर्म की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर हो गए। वातावरण नारायण नारायण कि जयघोष से गूंज उठा। 13 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होने वाली कथा के लिए स्थल तक आने जाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों एवं आसपास के कस्बों से नि:शुल्क आने जाने हेतु वाहनों व्यवस्था की गई है। कथा में राजकुमार शर्मा, सुनील शर्मा, आदित्य शर्मा, उमाशंकर महमिया, शिवचरण पुरोहित, राकेश सहल, गोपी पुरोहित, पंडित हरिकृष्ण शुक्ला, रतन जांगिड़, विजय ब्याला, विकास पुरोहित, पुरुषोत्तम चौरासिया, संजय शुक्ला, सुरेंद्र जोशी, सुरेंद्र शर्मा, इस्कॉन के डॉक्टर बंसल आदि काफी संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया।

## औद्योगिक भ्रमण के लिए रवाना



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे की पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेड ब्यूटी एंड वैलनेस में कक्षा 9 में अध्ययनरत विधार्थियों को तृतीय औद्योगिक भ्रमण के लिए संस्था प्रधान डॉ मधु चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विराट हेयर सैलून अजीतगढ़ के ऑनर मक्खन लाल सैन ने विद्यार्थियों को पैडिक्योर, मैनीक्योर, फेशियल नेलआर्ट, ब्लीचिंग, मसाज, आइब्रो, हेयर स्पा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही ब्यूटी एंड वैलनेस में रोजगार के अवसरों के बारे में बताया। कौशल मित्र रामचंद्र यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने इस क्षेत्र में कौशलता एवं रोजगार के अवसरों के बारे मे जानकारी ली। जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थी ने खुशी जाहिर की। औद्योगिक भ्रमण में पीएम प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर, नीतू उपस्थित रहे।

## ई-गवर्नेंस सेवाओं का आमजन को मिले समुचित लाभ : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की समीक्षा बैठक में आईटी कार्यों तथा विभाग द्वारा संचालित प्रमुख योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन को डिजिटल परियोजनाओं व ई-गवर्नेंस सेवाओं का समुचित लाभ मिले। जिले में तकनीकी नवाचारों पर फोकस करें। जिला मुख्यालय पर संचालित आई स्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर पर मेंटरशिप व प्रशिक्षणों को अधिकतम बच्चों को लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि आईटी के माध्यम से आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए विभागीय समन्वय से तकनीकी संसाधनों को मजबूत करें व बेहतर उपयोग किया जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में आईपी फोन की कनेक्टिविटी को तत्काल प्रभाव से सुचारू किया जाए तथा इसकी प्रगति की समीक्षा आगामी सोमवार की बैठक में अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में शासकीय कार्यालयों से संपर्क आईपी फोन के माध्यम से ही किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक शीघ्र आयोजित कर लंबित तकनीकी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण की बात कही। बैठक के दौरान ई-मित्र एवं ई-मित्र प्लस मशीन, जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर राजनेट कनेक्टिविटी, ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित बीबीएनएल कनेक्टिविटी, अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, लाडली सुरक्षा योजना तथा समस्त शासकीय कार्यालयों में स्थापित आईपी फोन की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। संयुक्त निदेशक नरेश कुमार ने बैठक की रूपरेखा प्रस्तुत की।

# ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल 28 से

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** ग्लोबल हेल्थ एंड वेलनेस फेस्टिवल जीएचडब्लूएफ 2026 के लिए जयपुर शहर एक अनोखा अनुभव देखने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भारत का सबसे बड़ा पब्लिक-कनेक्ट हेल्थ फेस्टिवल है जो 28 फरवरी और 1 मार्च 2026 को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में होगा। केयर हेल्थ इंश्योरेंस, गो माया फाउंडेशन के साथ मिलकर जीएचडब्लूएफ 2026 को प्रस्तुत कर रहे है। जीएचडब्लूएफ2026 आरोग्य टेक लिमिटेड द्वारा पावर्ड, कोगटा फाउंडेशन और जीसीएल ड्रीम्स द्वारा को-पावर्ड है। ये पार्टनरशिप फेस्टिवल के हेल्थकेयर, टेक्नोलॉजी और सोशल इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म के बीच मजबूत सहयोग को दर्शाती है। जीएचडब्लूएफ के फाउंडर और सीईओ हिम्मत सिंह ने बताया कि जीएचडब्लूएफ2026 सिर्फ एक इवेंट नहीं, यह एक हेल्थकेयर मूवमेंट है जो दुनिया भर के हॉस्पिटल, भारत के बड़े मेडिकल इंस्टीट्यूशन और जयपुर के सबसे अच्छे हेल्थ केयर प्रोवाइडर को एक मंच प्रदान करता हैए ताकि आम लोगों को अच्छी, सस्ती और प्रिवेंटिव हेल्थकेयर एक ही जगह पर दी जा सके। हमारा फोकस साफ है, जल्दी डायग्नोसिस, जागरूकता और उन लोगों को असली मदद जिन्हें सच में इसकी जरूरत है। इस साल फेस्टिवल में जयपुरवासियों के लिए इंटरनेशनल हेल्थकेयर एक्सपर्टाइज भी आ रहे है जिनमें दुबई के एस्टर ग्रुप और तुर्की के एमएलपी केयर जैसे ग्लोबल हॉस्पिटल ब्रांड के साथ अपनी मेडिकल समस्याओं के बारे में बात करने का मौका मिलेगा कृ जो फेस्टिवल के लोकल से ग्लोबल विज़न की तरफ एक बड़ा कदम है। जाने-माने भारतीय इंस्टीट्यूशन जैसे मेदांता-द मेडिसिटी फेस्टिवल में भारत के बेस्ट चेस्ट फिजिशियनस को में एक मंच पर चर्चा पेश करने का मौका देगी जिसमें कोविड के बाद सांस की बीमारियों पर फोकस किया जाएगा, जो आज कल सभी उम्र के लोगों में काफी बढ़ रही हैं। इस फेस्टिवल में जयपुर के सबसे भरोसेमंद हेल्थ केयर इंस्टीट्यूशन जैसे नारायणा हेल्थ, सीके बिरला हॉस्पिटल, शाल्बी हॉस्पिटल, अपोलो स्पेक्ट्रा, बालाजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, पिंक स्टार हॉस्पिटल, मैटरनिटी हॉस्पिटल, नियो क्लिनिक, एशियन कैंसर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मंगलम इंटरनेशनल आएवीएफ, सेहत फिजियोथेरेपी, और माय डेंटाकेयर शामिल होंगे। हमारे डायग्नोस्टिक पार्टनर परफेक्ट लैब और एसआरएल डायग्नोस्टिक्स फेस्टिवल के दौरान बड़े पैमाने पर प्रिवेंटिव स्क्रीनिंग इनिशिएटिव में मदद करेंगे। फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण बड़े पैमाने पर प्रिवेंटिव हेल्थ स्क्रीनिंग इनिशिएटिव होगा, जिसमें फेस्टिवल के सभी रजिस्टर्ड पार्टिसिपेंट्स को मेडिकल फील्ड में फ्री स्पेशलिस्ट कंसल्टेशन मिलेगा। हेल्थ चेक-अपए ऑन-साइट डायग्नोस्टिक्स या टेस्ट वाउचर संबंधित हॉस्पिटल द्वारा जारी पार्टनर हॉस्पिटल में एक हफ्ते के अंदर रिडीम किए जा सकेंगे, साथ ही एक स्पेशल हेल्थ बेनिफिट बुकलेट भी दी जाएगी जो सालाना फ्री और डिस्काउंटेड सर्विस देगी, जिससे परिवार हेल्थकेयर खर्च पर सालाना 10,000-15,000 बचा सकेंगे। इसके अलावा जीएचडब्लूएफ 2026 जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त सर्जरी की सुविधा देगा, जिसमें मोतियाबिंद की सर्जरी और जन्मजात दिल की बीमारियों वाले बच्चों का इलाज शामिल है, जिससे फेस्टिवल के मजबूत सोशल-इम्पैक्ट मिशन को और मजबूती मिलेगी। मजबूत मेडिकल पार्टनरशिप, इंटरनेशनल भागीदारी और बचाव और सस्ती देखभाल के कमिटमेंट के साथ, जीएचडब्लूएफ 2026 भारत के हेल्थ केयर आउटरीच लैंडस्केप में एक नया बेंचमार्क सेट करने का वादा करता है।

## स्वदेशी और समरसता से ही सशक्त होगा समाज : निम्बाराम

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** बजाज नगर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम तथा गलता पीठ के स्वामी राघवेंद्र आचार्य का सानिध्य प्राप्त हुआ। स्वामी राघवेंद्र आचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखते हैं। भारत की प्राचीन सभ्यता, वर्ण व्यवस्था की मूल भावना और सामाजिक समरसता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि समाज को विभाजन से बचाकर एकता की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। मुख्य वक्ता निम्बाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन केवल जयपुर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आयोजित हो रहे हैं। 14 फरवरी को पुलवामा में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध का संदेश दिया। उन्होंने पंच परिवर्तन को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान कियाकृराष्ट्र प्रथम की भावना, हिंदू समाज की एकता, स्वदेशी का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग, नागरिक कर्तव्यों का पालन तथा सामाजिक समरसता को व्यवहार में उतारना। उन्होंने कहा कि सनातन का अर्थ है जो कभी समाप्त नहीं होता। विविधता में एकता ही हिंदू समाज की विशेषता है। परिवारों में संस्कार, परंपरा और नियमित पारिवारिक संवाद आवश्यक हैं। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, भोजन की बर्बादी रोकना, समाज के वंचित वर्गों को जोड़ना तथा राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति आस्था रखना समय की आवश्यकता है।

## चोरों ने उड़ाई पिकअप

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** चिड़ावा बाईपास तिराहे पर बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक पिकअप चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब एक बजे पिकअप चुरा ले गए। शनिवार दोपहर करीब एक बजे सामने आए सीसीटीवी फुटेज में चोर पिकअप गाड़ी को चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित महेंद्र सिंह डूडी ने इस संबंध में सूरजगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए जल्द से जल्द वाहन बरामद करने व चोरों को पकड़ने की मांग की है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर चोरों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नेशनल हाईवे पर कार पलटी, एक की मौत, आधा दर्जन घायल



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से कार सवार हनुमान राम की मौके पर ही मौत हो गई, आधा दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए।

घायलों में महिलाएं भी शामिल है बताया जा रहा है कि सभी लोग झलालड़ गांव से सुजानगढ़ में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में कार धुडीला गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और हादसा हो गया। जिसमें पारुदेवी, गीता देवी, सुमन, शांति देवी, भंवरी देवी और चालक गणेशराम जांगिड़ भी घायल हुए हैं। हादसे की सूचना देने के बावजूद 108 एंबुलेंस काफी देरी से पहुंचीए जिससे घायलों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में सामाजिक कार्यकर्ता सुशील मेघवाल ने मानवता दिखाते हुए अपने निजी वाहन से सभी घायलों को तुरंत लाडनूं के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायलों का इलाज किया गया वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जानकारी जुटानी शुरू कर दी । मृतक का शव लाडनू की मोर्चरी में रखवाया गया।

## पुलवामा शहीदों को अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के तत्वावधान में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि प्राचार्य डॉ विरेन्द्र कुमार यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, श्याम सामोता, विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद वर्मा, कला संकाय प्रभारी शिव प्रसाद यादव, कार्यालय प्रभारी धर्मपाल बिजारणिया, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में मोमबत्ती जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कैडेट्स ने राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से देशप्रेम की भावना प्रकट की। प्राचार्य डॉ विरेन्द्र कुमार यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए शहीदों को नमन किया और उन्होंने कहा कि पुलवामा के वीर सपूतों का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता, उनका साहस और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। युवाओं को शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। एनसीसी अधिकारी ने कैडेट्स को अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना के साथ देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। अंत में सभी स्टाफ सदस्यों और उपस्थित जनों ने शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ। इस अवसर पर दीपेंद्र वर्मा, विक्रम शर्मा, ममता यादव, कमल जांगिड़, विजयपाल सिंह, रतन लाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

## राजनीति में धार्मिक सिद्धांतों की है आवश्यकता

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय दुलिया बास स्थित ब्रज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्री दशनाम सन्यास आश्रम गूलर धाम के श्री महंत स्वामी कानपुरी महाराज ने कहा कि जब-जब पाप, अपराध, अत्याचार, अधर्म बढ़ता है तब-तब धर्म की स्थापना के लिए भगवान अवतार लेते हैं। स्वामी कानपुरी महाराज ने वर्तमान सिद्धांत विहीन राजनीति पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि आज की राजनीति सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए प्रतिस्पर्धा के दौड़ में दिशाहीन हो गई है। महाराज ने कहा कि सनातन धर्म के सभी ग्रंथ संपूर्ण विश्व के जीव मात्र के कल्याण की कामना करता है। बृज धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत शेखावाटी व सुजलांचल के दर्जनों संत-महात्माओं का महासंगम हुआ। श्रीमद् भागवत कथा में स्वामी ओम दास महाराज अड़कसर, महावीर जती महाराज गाडोदा, श्याम सुंदर दास महाराज, मुक्ति नाथ महाराज मीरण धाम, संजयानंद महाराज बीदासर, प्रेम दास महाराज, रघुवीर दास महाराज, भैर दास महाराज, साध्वी मगन बाईसा, सुगना बाईसा सहित अन्य संतों का सानिध्य रहा। किशोर दास स्वामी ने बताया श्री राधा कृष्ण मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आज महाशिवरात्रि पर विद्वान पंडित जनों के आचार्यत्व में भगवान शिव का अभिषेक, रात्रि को सुजलांचल प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या व 16 फरवरी सोमवार को 11 कुंडिय महायज्ञ का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में भोल दास स्वामी, भवरदास स्वामी, सावर दास स्वामी, गिरधारी लाल स्वामी, पूनम चंद प्रजापत, जगदीश प्रजापत, भंवरलाल बगराणीया, बालचंद बगराणीया, भागीरथ स्वामी, गिगराज प्रजापत, नवरंग लाल प्रजापत, रूपाराम मेघवाल, अर्जुन राम राठी, भागीरथ बागरानिया, रामचंद्र स्वामी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रहलाद जाखड़, उमाकांत लाटा, रमन स्वामी, गोपाल दास आबसर, इन्द्र दास स्वामी, छोटू दास स्वामी, मोहन लाल प्रजापत, भागीरथ स्वामीएम बीरबल प्रजापत, अशोक सांखला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24वां कथक नृत्य महोत्सव कल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील के बड़ाबर गांव के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक गुरु स्व पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24वां कथक नृत्य महोत्सव 16 फरवरी सोमवार को कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ौदरा के तत्वावधान में बड़ौदा के कीर्ति मंदिर सभागार में शाम को आयोजित होगा। द यंग्स क्लब ऑफसुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में कथक नृत्य विधा के प्रख्यात कलाकार पंडित जगदीश गंगानी, पंडित दुर्गेश गंगानी, डॉ. समीरा कौशर, डॉ. प्रीति साठे दामले, रक्षिता जैन, जयश्री, हर्षिता, कशिश, मैमूना, वृषाली, वाणी सहित अनेक कलाकार कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां देंगे। इस सांगीतिक अनुष्ठान में वर्ष 2026 का पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान कथक गुरु डॉ. शोभा कौशर व भरत नाट्यम विधा के प्रतिक्षित कलाकार विजय आनंद शिवरामन को दिया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी चांसलर राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़ व बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति नाम तबलावादक सुखविंदर सिंह सहित अजय रांका, निशीथ मेहता होंगे।

## आज 4 घण्टे बंद रहेगी बिजली

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विद्युत लाइन कार्य के चलते रविवार सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 4 घण्टे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सहायक अभियंता 132 केवी जीएसएस तारानगर सुभाष चंद मीणा ने बताया कि निर्माणाधीन 220 केवी जीएसएस, चैनपुरा, सादुलपुर से निकलने वाली नई 132 केवी चैनपुरा - चूरू लाइन के निर्माण कार्य के कारण 132 केवी सादुलपुर तारानगर लाईन का शटडाउन रहेगा।

शट डाउन के कारण 132 केवी जीएसएस तारानगर एवं जीएसएस से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडर जैसे तारानगर सिटी, साहवा पीएमसी, एपी -पीएमसी राजपुरा एवं बांय की विद्युत आपूर्ति रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 4 घण्टे बंद रहेगी।

## रेड ड्रेस में दिखा देशप्रेम : मिस डेजर्ट राजस्थान की मॉडल्स ने दी अलग पहचान

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वेलेंटाइन डे के मौके पर जहां कपल्स अपने प्यार का इजहार करते नजर आए, वहीं मिस डेजर्ट राजस्थान ब्यूटी पेजेंट की प्रतिभागियों ने अपने राज्य राजस्थान के प्रति प्रेम जताकर एक अलग मिसाल पेश की। मॉडल्स ने लव यू राजस्थान कहते हुए प्रदेश की संस्कृतिए विरासत और गौरव को सलाम किया। इस कार्यक्रम के आयोजक नरेंद्र कुमार गंगवाल और अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वेलेंटाइन डे केवल प्रेमी जोड़ों के लिए ही नहीं, बल्कि अपने देश और राज्य के प्रति प्रेम व्यक्त करने का भी अवसर है। उन्होंने कहा कि अपनी धरोहर और संस्कृति से प्रेम करना ही सच्ची देशभक्ति है। मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में पहचान बनाने का सपना देख रही प्रतिभागी हेमलता कुमावत, मनीषा शर्मा, रिद्धिमा प्रजापत, चन्द्रिका, कविता, अंतिमा, युवीका, वंशिका और श्वेता ने रेड ड्रेस में अपने खास लुक और अंदाज से सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने आज ही के दिन हुए पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया। संयोजक दीपक अग्रवाल, पलक बंसल ने जानकारी दी कि मिस डेजर्ट राजस्थान का पहला ऑडिशन सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है। दूसरा ऑडिशन 25 फरवरी को होटल ग्रैंड सफारी में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद कोटा, उदयपुर और जोधपुर में भी ऑडिशन होंगे, जबकि ग्रैंड फिनाले अप्रैल माह में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए प्रतिभागियों ने यह संदेश दिया कि प्रेम केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं, बल्कि अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति और अपने वीर जवानों के प्रति सम्मान और समर्पण भी उतना ही जरूरी है।

## भाटिया ने की हेमा मालिनी व विरेन्द्र सहवाग से मुलाकात



निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया ने मथुरा सांसद व बॉलीवुड की हसीन अदाकारा ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी व पूर्व क्रिकेटर रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर विरेन्द्र सहवाग से शिष्टाचार भेंट की। शनिवार को भाटिया गुढ़ा गौड़जी के एमजी ग्लोबल स्कूल के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश में बदलाव



लंबे समय तक अस्थिरता-अराजकता से जूझते रहे बांग्लादेश के चुनाव परिणाम इस देश को स्थिरता प्रदान करते दिख रहे हैं। इसका कारण यह है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी सरकार बनाने के लिए आवश्यक सीटों से कहीं अधिक सीटें जीतने में सफल रही और उसके नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया।

बांग्लादेश के चुनाव आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे, लेकिन उन्हें निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। तथ्य यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल के रूप उभरी जमात-ए-इस्लामी चुनाव नतीजों को स्वीकार करने में आनाकानी करती दिख रही है। बांग्लादेश में हमेशा चुनावों की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

चूंकि कट्टरपंथी और पाकिस्तानपरस्त जमात-ए-इस्लामी परास्त हो गई, इसलिए भारत राहत की सांस ले सकता है, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसे उम्मीद से कहीं अधिक सीटें मिलीं। जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी को कोई खास सफलता न मिलना भी भारत के लिए राहतकारी है।

इन्हीं छात्रों ने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, जिसके नतीजे में उन्हें भारत में शरण लेनी पड़ी थी। भारत विरोधी तेवर अपनाए नेशनल सिटीजन पार्टी का हश्र यही बताता है कि उसका आंदोलन न तो किसी क्रांति का परिचायक था और न ही किसी सकारात्मक बदलाव का।

चूंकि बांग्लादेश में चुनाव के साथ संवैधानिक बदलावों पर जनमत संग्रह भी हुआ, इसलिए वहां नई सरकार के गठन के साथ ही राजनीतिक ढांचे में परिवर्तन होना तय है। यह स्वाभाविक है कि बांग्लादेश की नई सरकार के रवैये पर भारत की गहरी निगाह होगी।

भारत को न केवल यह देखना होगा कि बांग्लादेश की नई सरकार उसके हितों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देती है या नहीं, बल्कि यह भी कि वह कट्टरपंथियों समेत अन्य भारत विरोधी तत्वों पर लगाम लगाती है या नहीं? भारत को यह तो खास तौर पर देखना होगा कि इस पड़ोसी देश में हिंदुओं का दमन रुकता है या नहीं? बांग्लादेश की नई सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके यहां पूर्वोत्तर भारत के विद्रोही गुटों को शरण न मिले। भारत की चिंता का विषय यह भी रहा है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय बांग्लादेश की पाकिस्तान से निकटता अप्रत्याशित तरीके से बढ़ी। यदि यह निकटता कम नहीं हुई तो भारत के साथ खुद बांग्लादेश के लिए खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश को यह भूलना नहीं चाहिए कि उसे पाकिस्तान की बर्बरता से मुक्ति और आजादी भारत के सहयोग से ही मिली थी।

## विशेष आलेख

# नए युग की ओर बांग्लादेश, राजनीतिक संरचना में व्यापक बदलाव के संकेत

**पार्टी अध्यक्ष तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना के साथ बांग्लादेश एक नए राजनीतिक युग की ओर बढ़ रहा है, जो पीढ़ीगत परिवर्तन, वैचारिक पुनर्संतुलन और क्षेत्रीय कूटनीतिक समीकरणों से प्रभावित होगा। यह चुनाव केवल अंतरिम सरकार को बदलने की प्रक्रिया नहीं था, जिसका नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस कर रहे थे। यह उस गहरे राजनीतिक संकट के बाद देश की दिशा तय करने का प्रयास था, जिसने 2024 में पूरे राष्ट्र को झकझोर दिया।**

बांग्लादेश का आम चुनाव उसके राजनीतिक इतिहास के सबसे निर्णायक मोड़ में से एक माना जाएगा। जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया और लंबे समय से प्रभावी रही उनकी पार्टी अवामी लीग के प्रभुत्व का अंत किया, के बाद यह पहला आम चुनाव था। इस चुनाव ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को स्पष्ट जनादेश दिया।



जुलाई 2024 का आंदोलन शुरुआत में सरकारी नौकरियों में आरक्षण नीति के विरोध से शुरू हुआ था, पर जल्द ही यह व्यापक असंतोष का रूप ले बैठा। सैकड़ों लोगों की मौत ने सरकार की वैधता को गंभीर रूप से प्रभावित किया और अंततः सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया। अंतरिम सरकार ने लोकतांत्रिक पुनर्स्थापना और संस्थागत सुधारों का वादा किया और इसी क्रम में 13वां संसदीय चुनाव और संवैधानिक सुधारों पर जनमत संग्रह आयोजित किया गया। इसका परिणाम न केवल सत्ता परिवर्तन है, बल्कि राजनीतिक संरचना में व्यापक बदलाव का संकेत भी है। इस चुनाव की सबसे बड़ी विशेषता अवामी लीग की अनुपस्थिति रही। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के आधार पर उसे चुनाव लड़ने से रोक दिया गया, लेकिन उसकी अनुपस्थिति ने दशकों से चली आ रही द्विदलीय प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर दिया और चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े किए। 1990 के बाद से बांग्लादेश की राजनीति अवामी लीग और बीएनपी के बीच घूमती रही। बीएनपी की जीत उसके लिए पुनरुत्थान और परीक्षा, दोनों है। वर्षों तक विपक्ष में रहने और आंतरिक चुनौतियों से जूझने के बाद पार्टी ने नई ऊर्जा के साथ वापसी की है। तारिक रहमान का नेतृत्व एक पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है। यह परिवर्तन केवल अंतरिम प्रशासन से सत्ता हस्तांतरण नहीं है, बल्कि उनकी मां एवं पूर्व पीएम खालिदा जिया और शेख हसीना के युग से आगे बढ़ने का संकेत भी है। हालांकि बांग्लादेश में वंशवादी राजनीति का प्रभाव बना हुआ है, फिर भी रहमान ने अपने चुनाव अभियान में अपेक्षाकृत संयमित और व्यावहारिक रुख अपनाया। उन्होंने कानून-व्यवस्था, आर्थिक सुधार और युवाओं के लिए रोजगार पर जोर दिया। भारत के प्रति उनका रुख नरम रहा, जो भविष्य की कूटनीतिक संभावनाओं का संकेत देता है।

अपनी मां के निधन के कारण विजय उत्सव स्थगित करने का उनका निर्णय राजनीतिक परिपक्वता का संदेश देता है। चुनाव का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू जमात-ए-इस्लामी का उभार है। वह मुख्य विपक्षी शक्ति के रूप में उभरी है। उसका प्रदर्शन यह दर्शाता है कि बांग्लादेश की राजनीति में राजनीतिक इस्लाम की उपस्थिति अब भी प्रभावशाली है। हालांकि वह सत्ता में नहीं पहुंची, लेकिन उसकी सीटों में वृद्धि महत्व रखती है। उसका उभार देश के पंथनिरपेक्ष तबकों और पड़ोसी देशों में चिंता का विषय रहेगा। 2024 के आंदोलन से उभरी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। क्रांतिकारी ऊर्जा को संगठित राजनीतिक शक्ति में बदलना आसान नहीं होता और यही उसके साथ हुआ। जमात-ए-इस्लामी के साथ उसका गठबंधन उसके समर्थकों के बीच असमंजस का कारण बना। यह अनुभव दर्शाता है कि जनांदोलन से निकली ताकतों को संस्थागत राजनीति में टिके रहने के लिए मजबूत संगठन और संसाधनों की आवश्यकता होती है।

इस चुनाव ने सामाजिक चुनौतियों को भी उजागर किया। महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सीमित रही, जबकि 2024 के आंदोलन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय थी। आर्थिक मोर्चे पर नई सरकार के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्यात, विशेषकर परिधान उद्योग पर निर्भर है। राजनीतिक अस्थिरता ने निवेशकों के विश्वास को प्रभावित किया है। जुलाई राष्ट्रीय चार्टर के तहत प्रस्तावित संवैधानिक सुधार यह तय करेंगे कि कार्यपालिका की शक्ति सीमित होगी या नहीं?

भारत के लिए बांग्लादेश केवल पड़ोसी नहीं, रणनीतिक साझेदार है। करीब 4,000 किमी लंबी साझा सीमा, पूर्वोत्तर भारत के लिए संपर्क मार्ग और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे दोनों देशों को जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने तारिक रहमान को बधाई देकर यह संकेत दिया है कि भारत व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएगा। हालांकि शेख हसीना की भारत में मौजूदगी कूटनीतिक जटिलता पैदा कर सकती है। चीन भी इस बदलाव पर नजर रखेगा, क्योंकि उसके निवेश और सामरिक हित जुड़े हुए हैं। पाकिस्तान से हालिया संपर्क भी क्षेत्रीय समीकरणों में नया तत्व जोड़ता है, हालांकि ऐतिहासिक संदर्भ गहरे रणनीतिक बदलाव की संभावना को सीमित करता है।

चुनाव नतीजे यह भी दिखाते हैं कि बांग्लादेश वैचारिक ध्रुवीकरण से थक चुका है और स्थिरता तथा आर्थिक प्रगति चाहता है। राजनीतिक इस्लाम की उपस्थिति बढ़ी है, पर उसने मुख्यधारा की सत्ता को प्रतिस्थापित नहीं किया। बीएनपी के सामने अवसर है कि वह अपने जनादेश का उपयोग लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और समावेशी शासन देने के लिए करे। यदि सत्ता का प्रयोग प्रतिशोध के बजाय सुधार के लिए किया जाता है, तो बांग्लादेश अधिक संतुलित और स्थिर भविष्य की ओर जा सकता है। बांग्लादेश की जनता ने परिवर्तन को चुना है, उथल-पुथल को नहीं। इस राजनीतिक संक्रमण की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि नई सरकार लोकतांत्रिक गरिमा, आर्थिक समृद्धि और सामाजिक सद्भाव को किस हद तक सुनिश्चित कर पाती है।

## आज का राशिफल

**मेष**
भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**मिथुन**
दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क**
कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**सिंह**
नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या**
घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**तुला**
समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**वृश्चिक**
निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**धनु**
कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मकर**
विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**कुंभ**
अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

**मीन**
दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# हार्ट हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद होता है नींबू पानी, डाइट में जरूर करें शामिल

अनियमित जीवनशैली की वजह से मोटापा और कोलेस्ट्रॉल की समस्या होने लगी है। यह एक ऐसी समस्या है जिसकी वजह से व्यक्ति को अन्य रोग होने का जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में आपको शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने की सलाह दी जाती है। ताकि आपके शरीर का मेटाबॉलिज्म और पाचन क्रिया स्वस्थ रहे। इससे आपके शरीर का मोटापा कम होता है, जिससे आपको हार्ट संबंधी रोग होने का खतरा बढ़ सकता है।



### विटामिन सी से भरपूर

नींबू विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है, यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो अपने हृदय को सुरक्षा प्रदान करता है। एंटीऑक्सिडेंट शरीर के ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में मदद करते हैं, ये दोनों हृदय रोग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विटामिन सी रक्त वाहिकाओं के कार्य को बेहतर करता है। साथ ही, कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है, और आयरन के अवशोषण में सहायता करता है। कोलेजन और आयरन दोनों ही हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं।

### शरीर पर क्षारीय प्रभाव

शरीर में थोड़ा क्षारीय (एलक्लाइन) पीएच बनाए रखने और हार्ट हेल्थ सहित समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है। नींबू पानी, अपनी अम्लीय प्रकृति के बावजूद, मेटाबॉलिज्म होने पर क्षारीय प्रभाव डालता है। यह क्षारीयता प्रोसेस्ड फूड और अन्य स्ट्रेस कारकों से अम्लीय प्रभाव को संतुलित करने में मदद करती है, जिससे हृदय स्वास्थ्य बेहतर होता है। संतुलित पीएच सूजन को कम करने और हृदय रोग के कम जोखिम से जुड़ा होता है।

### हाइड्रेट रहना

शरीर के हाइड्रेट रहने से हार्ट सही तरह से कार्य करता है। डिहाइड्रेशन शरीर के अन्य कार्यों के साथ ही हार्ट पर भी दबाव डालता है। जिससे रक्त को पंप करने में परेशानी होती है। नींबू पानी के सेवन से शरीर हाइड्रेट रहता है और ब्लड सर्कुलेशन में मदद मिलती है। इससे बीपी भी कंट्रोल में रहता है।

### पोटेशियम को बूस्ट करे

नींबू पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है। पोटेशियम एक मिनरल है जिसका हृदय स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। पोटेशियम सोडियम की वजह से होने वाले दबाव को कम करके बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। पर्याप्त पोटेशियम का सेवन हार्ट डिजीज के जोखिम को कम करता है।

### एलडीएल कोलेस्ट्रॉल में कमी

लिपोप्रोटीन (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर सेहत के लिए हानिकारक होता है। यह एक खराब कोलेस्ट्रॉल होता है, जो हार्ट हेल्थ के लिए नुकसान पहुंचाता है। नींबू में पाए जाने वाले पेक्टिन फाइबर में कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले प्रभाव होते हैं। नींबू पानी के नियमित सेवन से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर में मामूली कमी आ सकती है। साथ ही, स्वस्थ लिपिड प्रोफाइल को बढ़ावा मिल सकता है और एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

# पेट की चर्बी घी की तरह पिघलेगी, आजमाएं यह उपाय

वजन खासतौर पर पेट की चर्बी का बढ़ना आजकल सबसे बड़ी समस्या बन गया है। मोटापा बढ़ने से न सिर्फ सुंदरता कम होती है, बल्कि इससे कई तरह की समस्याएं जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज आदि का खतरा भी बढ़ जाता है। पेट की चर्बी कम करने के लिए महिलाएं तरह-तरह के उपाय अपनाती हैं, कुछ डाइटिंग करती हैं, तो कुछ घंटों जिम में पसीना बहाती हैं। इसके अलावा, कुछ बाजार में मिलने वाले केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स का सहारा लेती हैं। लेकिन, पेट की जिद्दी चर्बी कम नहीं होती है।



### मिडनाइट स्नैकिंग से बचें

हालांकि, दिन-भर की थकावट के बाद मिडनाइट स्नैकिंग से अच्छा महसूस होता हैं, लेकिन इससे एक्स्ट्रा कैलोरीज जमा होती है। इसके अलावा, रात में मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और ऐसे में हम जो कुछ भी रात में खाते हैं, वह दिन की तुलना में आसानी से फैट में बदल जाता है। अगर आप फैट स्टोरेज को कम करना चाहते हैं, तो बॉडी क्लॉक और नेचुरल सर्कैडियन रिदम के अनुसार खाना खाएं। इसके अलावा, जल्दी खाना खाने से शरीर भोजन को अच्छी तरह से पचाता है, जिससे वजन कंट्रोल में रहता है।

### कार्ब्स पर नजर रखें

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो कार्ब्स पर विचार करते समय सावधान रहें। लो कार्ब्स डाइट को फॉलो करना जरूरी नहीं है, लेकिन फलों के जूस, कुकीज और जंक फूड्स जैसे कार्ब्स खाना अच्छा नहीं होता है। इसकी बजाय, कॉम्प्लेक्स कार्ब्स जैसे सब्जियों, बीन्स, फलियां, साबुत अनाज आदि को डाइट में शामिल करें। ये सभी फाइबर से भरपूर होते हैं, जो वजन कम करने में मदद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे खाने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है।

### एक्सरसाइज करें

वजन के साथ पेट की चर्बी कम करने के लिए एक्सरसाइज करना जरूरी होता है। वेट ट्रेनिंग और कार्डियो के कॉम्बिनेशन से आपको बहुत सारे फायदे मिल सकते हैं। कार्डियो से स्टैमिना और मेटाबॉलिज्म बढ़ाने में मददमिलती है। इसमें रनिंग, स्किपिंग, जंपिंग जैक और साइकिलिंग को शामिल करें। साथ ही, वेट ट्रेनिंग को शामिल करना भी जरूरी होता है, क्योंकि वजन कम होने पर त्वचा लटकने लगती है।

### प्रोटीन डाइट लें

वजन कम करने के लिए प्रोटीन डाइट लेना जरूरी होता है। जब भी आप खाना खाते हैं, तब अपनी थाली में लीन प्रोटीन शामिल करने से आपको भर हुआ महसूस होता है, जिससे बार-बार अनहेल्दी खाने की क्रेविंग नहीं होती है। जिन लोगों को पर्याप्त प्रोटीन मिलता है, वे संतुष्ट महसूस करते हैं और रिफाइंड कार्ब्स की तलाश में नहीं रहते हैं।

# नवजात शिशु की देखभाल के कारण पूरी नहीं हो पा रही आपकी नींद तो फॉलो करें एक्सपर्ट के बताए यह टिप्स

मां होना किसी भी महिला के लिए एक खुशनुमा पल होता है। मां बनने के साथ एक महिला के जीवन की जिम्मेदारियां अपने आप ही दोगुनी हो जाती है। खासकर पहली बार मां बनने वाली महिलाएं कई चुनौतियों का सामना करती हैं, जिसके असर उनके स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। इन्हीं चुनौतियों में से एक हैं नींद की कमी। जी हां नवजात शिशु के सोने या जागने का कोई तय समय नहीं होता है, जिस कारण मां भी अपनी नींद पूरी नहीं कर पाती हैं और थकान महसूस होना, तबीयत खराब होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



### शिशु की नींद पर निगरानी रखें

इसका सीधा मतलब है कि आप तब सोएं जब आपका बच्चा भी सोए। शिशु के सोने के समय पर फोकस करें, और उनके सोते ही खुद भी झपकी लेने के लिए तैयार रहें। जब आपका बेबी सोए तो बिना समय बर्बाद किए और अपनी नींद पूरी करने को प्राथमिकता दें। एक बार जब आप थोड़ी ही लेकिन अच्छी नींद ले लेती हैं तो तरोताजा महसूस करती हैं।

### रिश्तेदारों या दोस्तों से लें मदद

न्यू मॉम के लिए आने वाली चुनौतियों से निपटने में रिश्तेदार और दोस्त आपकी मदद कर सकते हैं। आप कभी-कभी अपने दोस्तों, माता-पिता, बहन-भाई से मदद मांग सकती हैं। ऐसा करने से आप बच्चे के उठने या रोने की फिक्र किए बिना नींद पूरी कर सकते हैं, और बच्चे का आपके दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ अच्छा संबंध भी स्थापित होगा।

### पार्टनर के साथ बच्चे को संभालने की बांटे जिम्मेदारी

बच्चे का पालन-पोषण करते समय एक माता-पिता होने के नाते आपका टीम वर्क बहुत महत्वपूर्ण होता है। यह न सिर्फ आपकी नींद पूरी करने में मदद कर सकता है, बल्कि आपके और बच्चे के रिश्ते पर भी गहरा प्रभाव डाल सकता है। रात को या पार्टनर के ऑफिस के छुट्टी वाले दिन आप दोनों बारी-बारी बच्चे की देखभाल कर सकते हैं। ऐसा करने से आप दोनों को ही सोने का समय मिल पाएगा और बच्चा अपने पिता के साथ भी जुड़ाव महसूस करेगा।

### हेल्दी फूड्स का सेवन करें

न्यू मॉम के लिए अपने स्वास्थ्य और नींद के साथ समझौता करना सही नहीं होता है। नींद पूरी न होने के कारण शरीर कमजोर हो सकता है, जिससे आप बीमार पड़ सकती हैं, और इसका असर बच्चे के स्वास्थ्य पर भी नजर आ सकता है। ऐसे में आप अपनी डाइट में हेल्दी फूड्स को शामिल करें। पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को खाने से आपके शरीर को एनर्जी मिलेगी।

# पुष्पांजलि व विचार गोष्ठी आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जाति-पाति तोड़क मंडल के संस्थापक, प्रखर चिंतक एवं समाज सुधारक संतराम बीए. की जयंती पर ओबीसी कांग्रेस राजस्थान की ओर से ओबीसी कार्यालय, जयपुर में पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईसीसी ओबीसी कांग्रेस कोऑर्डिनेटर एवं विधायक डूंगाराम गैदर ने कहा कि संतराम बी.ए. ने सामाजिक समता और शिक्षा के प्रसार के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने उपस्थित जनों को उनके पदचिन्हों पर चलने और उनके विचारों को जन.जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया। अध्यक्षता कर रहे ओबीसी कांग्रेस राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हरसहाय यादव ने कहा कि ओबीसीए एससीए एसटी व अन्य वर्गों के महापुरुषों को उनकी जयंती पर याद करना और उनके विचारों पर चर्चा करना समाज को नई दिशा देता है। इस प्रकार की संगोष्ठियों से युवा वर्ग को प्रेरणा मिलती है। ओबीसी कांग्रेस संगठन महासचिव सागर मावर ने मंच संचालन करते हुए कहा कि ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से महापुरुषों के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ओबीसी एडवाइजरी काउंसिल सदस्य राजेंद्र सेन, पीसीसी सचिव सुरेंद्र लांबा, समाजसेवी सुरेंद्र मारवाल, उपाध्यक्ष लोकेश सैनी, नरेंद्र मारवाल, रोहिताश जांगिड़, महासचिव सरिता चौधरी, सचिव नीमा चौधरी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष नानूराम कुमावत तथा जालोर जिला अध्यक्ष चुन्नीलाल गहलोत सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जयपुर संभाग के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षए कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिक चिंतकों ने संतराम बी.ए. के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## निर्माण कार्यों की करें नियमित मॉनीटरिंग, गुणवत्ता मानकों का रखें विशेष ध्यान : सुराणा

निसं


**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में जिले में विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं व विकास कार्यों की स्थिति जानी और कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सानिवि के अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करें तथा गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्यों में आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं में पारदर्शिता एवं तय समय-सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि विकास कार्यों का लाभ आमजन तक शीघ्र पहुंच सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा एनएच-52 पर चल रहे रोड सेफ्टी के कार्यों को जून तक पूर्ण किया जाए। रिडकोर सरदारशहर में 4/6 लेन के प्रस्ताव बनाकर तैयार करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग बजट 2025-26 में स्वीकृत सरदारशहर, तारानगर एवं सिद्धमुख में तहसील कार्यालय हेतु तथा सुजानगढ़, राजगढ़ में सहायक कलक्टर व कार्यपालक मजिस्ट्रेट कार्यालय हेतु साइट प्लान बना कर प्रस्तुत करे। उन्होंने चूरू को एलिवेटेड रोड के रैंप हेतु आवश्यक समन्वय करने की बात कही। इसी के साथ बजट 2025-26 में घोषित कार्यों के एस्टीमेट बनाने एवं सड़कों हेतु भूमि की उपलब्धता हेतु सूचना देने के निर्देश दिए। सानिवि एसई पंकज यादव ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए विकास कार्यों की जानकारी दी।

## महिला तस्कर सहित दो को दबोचा, एमडी और स्मैक बरामद

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम क्राइम ब्रांच सीएसटी ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए श्यामनगर थाना क्षेत्रों में दबिश देकर एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे से 01.30 ग्राम स्मैक, नशा बेचने से मिले 19 हजार रुपये नकद और 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं । विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन राहुल प्रकाश ने बताया कि श्याम नगर इलाके में बदरवास चौराहे के पास स्थित होटल प्राइम सफारी के पास की गई। यहाँ पुलिस ने प्रतिभा 22 पत्नी मोरपाल को गिरफ्तार किया । पुलिस ने महिला के कब्जे से 01.30 ग्राम स्मैक, नशा बेचने से मिले 19 हजार रुपये नकद और 2 मोबाइल फोन जब्त किए हैं । आरोपित महिला मूलतः टोंक जिले के मेंहदवास की रहने वाली है । जयपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नशे के विरुद्ध इस लड़ाई में पुलिस का सहयोग करें । पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## रघुवीरदास महाराज की 60वीं बरसोदी पर भण्डारा आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर के वार्ड संख्या 41 स्थित वाल्मीकि बगीची में संत श्री श्री 1008 बाबा सन्तोष दास महाराज के शिष्य श्री श्री 1008 बाबा रघुवीरदास महाराज की 60 वीं बरसोदी पर श्री मस्तगिरी महाराज के सानिध्य में विशाल भण्डारा व रात्रि को जागरण का आयोजन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में साधु संत एवं भक्तगणों ने भंडारे। का प्रसाद लिया। आयोजित जागरण में शिवा एंड पार्टी ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर महाराज द्वारा समाधि स्थल निर्माण पर आर्थिक सहयोग देने वाले भामाशाह हो का प्रतीक चिन्ह व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गोपाल मास्टर, माणकचंद बैद, प्रकाश पंवार, जगदीश प्रसाद पंवार, हरिप्रसाद पंवार, सुभाष पंवार, पूनमचंद देवाराम, मिलन पंवार, बाबूलाल पंवार, पवन कुमार, रवि प्रकाश सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों की शैक्षिक गतिविधियों में अभिभावकों की हो समुचित भागीदारी : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार (आपणी योजना) में जिला निष्पादन समिति तथा मिड डे मील की समीक्षा बैठक में जिले में शिक्षण व्यवस्थाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर शिक्षा अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की शैक्षिक गतिविधियों में विद्यार्थियों के अभिभावकों की समुचित भागीदारी हो। बच्चों के सीखने के स्तर, उनकी कक्षाकक्ष गतिविधियों तथा सहगामी गतिविधियों के बारे में अभिभावकों को समुचित जानकारी दी जाए तथा निरंतर उन्नयन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। अभिभावकों से विद्यार्थियों द्वारा घर पर सीखने वाले कार्यों व गतिविधियों को लेकर चर्चा करें। उन्होंने शिक्षा रैंकिंग की चर्चा करते हुए कहा कि सभी पैरामीटर में समानांतर प्रगति आए तथा जिन पैरामीटर पर जिले की परफॉर्मेंस न्यून है उनमें अपेक्षित सुधार लाया जाए। इसके लिए सभी सीबीईओ अपने ब्लॉक के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व प्रभारी के साथ समन्वय करें तथा प्रत्येक पैरामीटर पर समुचित मॉनीटरिंग करें। जिला कलक्टर ने कहा कि ग्रीष्मकाल अवकाश के दौरान जिले में सेमी -रेजिडेंशियल बूट कैंप के आयोजन को लेकर समुचित कार्य योजना बनाई जाए। बूट कैंप के लिए जिलेभर से विद्यार्थियों को आई स्टार्ट लांचपैड, इन्क्यूबेशन सेंटर पर आईटी गतिविधियों व एंटरप्रेन्योरशिप की दिशा में प्रेरित काम किया जाए। परीक्षाओं के आयोजन को लेकर उन्होंने सभी सीबीईओ से चर्चा करते हुए कहा कि सभी परीक्षाएं समयबद्ध व प्रबंधित ढंग से संचालित हो। इसी के साथ पांचवी, आठवीं एवं विद्यालयों में अन्य कक्षाओं की परीक्षाओं का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करते हुए समयबद्ध आयोजन सुनिश्चित किया जाए। स्कूलों में संचालित आरआरआर सेंटर के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि इको क्लब के माध्यम से आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियां समायोजित रूप से संचालित हो और इनमें विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाई जाए। इसी के साथ सभी शिक्षा अधिकारी अपने निरीक्षण पूरे करें तथा रैंकिंग में जिन विद्यालयों में सुधार की आवश्यकता है, उनमें अपेक्षित सुधार लाएं। आगामी सत्र में नामांकन वृद्धि पर विशेष फोकस करें। सभी शारीरिक शिक्षकों के समन्वय से एक पंचायत-एक खेल के क्रियान्वयन को लेकर संकल्पित प्रयास करें। जिला कलक्टर ने एसडीआरएफ तथा स्कूल भवन मरम्मत को लेकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने की बात कही।

उन्होंने बैठक में मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान, पुस्तक अभिरुचि प्रतियोगिता, व्यावसायिक शिक्षा, पीएमश्री विद्यालय प्रगति, भवन मरम्मत कार्य, केजीबीवी, शिक्षा रैंकिंग, मिड डे मील, साक्षरता अभियान सहित बिंदुओं की समीक्षा कर समुचित निर्देश दिए। सीडीईओ संतोष कुमार महर्षि ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए सभी बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डीईओ माध्यमिक किशनलाल गहनोलिया, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, एडीपीसी सरिता आत्रेय सहित सीबीईओ एवं शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यालय का एडिशनल डीईईओ ने किया निरीक्षण

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ ब्लॉक एवं गढ़टकनेत पीईईओ अधीनस्थ शहीद समुद्र सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कालीखड़ में गुरुवार को एडिशनल डीईईओ माध्यमिक बाबूलाल गुर्जर की आकस्मिक विजिट हुई।

विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षाधिकारी का यथोचित स्वागत किया। एडिशनल डीईईओ माध्यमिक बाबूलाल गुर्जर ने कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों को संख्या ज्ञान, पहाड़े पूछे, कक्षा 7 के विद्यार्थियों को हिन्दी एवं संस्कृत विषय के प्रश्न पूछे, कक्षा 6 के विद्यार्थियों से गणित के सवाल हल करवाए। विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर पर प्रसन्नता जताई व सम्पूर्ण स्टॉफ से परिचय कर इसी टीम भावना के साथ काम करते रहने के लिए प्रेरित किया। डीईईओ कार्यालय स्तर के किसी भी कार्य के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया व सम्पूर्ण विद्यालय व्यवस्था के लिए प्रशंसा कर सम्बलन प्रदान किया। एडिशनल डीईईओ माध्यमिक के साथ डीईईओ कार्यालय के मील भी साथ थे। औचक निरीक्षण के दौरान बच्चों से सवाल-जवाब करके उनके शैक्षिक स्तर की जांच की गई। बच्चों की हाजिरजवाबी से शिक्षाधिकारी खासे प्रसन्न हुए और स्टॉफ की सराहना की। स्टॉफ से मिलनसार व्यवहार अपनाने और अपने कार्य को इसी तरह जारी रखने के लिए कहा। विद्यालय की समस्याओं के बारे में जाना। एफएलएन के बारे में जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्कबुक जांच की। इसके बाद एडीओ ने पूरणमल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांवलपुरा शेखावतान का भी निरीक्षण किया।

विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षाधिकारी का माला पहनाकर एवं साफा बंधवाकर स्वागत, अभिनन्दन, सम्मान किया। विद्यार्थियों के अंग्रेजी स्तर को बेहतर बताया। एमडीएम की जांच की। विद्यार्थियों से मिड-डे-मिल भोजन के बारे में पूछताछ की।

## मातृ-पितृ दिवस पर बच्चों ने किया माता-पिता का पूजन



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय झालरिया कुआँ स्थित किड्स क्रेज स्कूल में मातृ-पितृ दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक और संस्कारों से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उन्हें सम्मान दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा दिखाया गया आदर, प्रेम और श्रद्धा देखकर उपस्थित अभिभावकों की आँखें नम हो गईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने माता-पिता के चरण धोकर तिलक लगाया, पुष्प अर्पित किए और आशीर्वाद लिया। इस अनोखे आयोजन में भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का सुंदर संगम देखने को मिला। किड्स क्रेज स्कूल डायरेक्टर डॉ. अनुराग मिश्र ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में माता.पिता के प्रति सम्मान, कर्तव्य और संस्कारों की भावना को और मजबूत करना है। इसके साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दीं। गीत, नृत्य और लघु नाटिकाओं के माध्यम से उन्होंने माता-पिता के त्याग, संघर्ष और उनके महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। अंत में सभी बच्चों और अभिभावकों ने सामूहिक रूप से मातृ-पितृ सम्मान का संकल्प लिया।

## वार्षिक खेल महोत्सव स्पोर्ट्स तरंग का शुभारंभ

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय महत्व के संस्थान में वार्षिक खेल महोत्सव स्पोर्ट्स तरंग का भव्य आगाज किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने किया। इस वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 23 फरवरी तक संस्थान में किया जायेगा। कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी खेल में जीत या हार से अधिक महत्वपूर्ण उसमें भाग लेना है। खेलकूद युवाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कक्षाओं में विद्यार्थियों को विषय का ज्ञान दिया जाता है, लेकिन खेल के मैदान में वे जीवन के महत्वपूर्ण अनुभव सीखते हैं। खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं तथा मजबूत व्यक्तित्व की नींव रखते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे गुणों का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संस्थान की खेल समिति के आयोजक डॉ. सजंय अग्रवाल एवं डॉ. विपिन्न तंवर ने जानकारी दी कि इस वर्ष कुल 14 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें पहली बार चार नए खेल खो-खो, बास्केटबॉल, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो को शामिल किया गया है। नए खेलों के शामिल होने से विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उद्घाटन समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर कुलसचिव अनिता शर्मा, प्रोफेसर पी. हेमंता, सभी विभागाध्यक्ष, चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## भगवान श्रीराम का जीवन त्याग और समर्पण का रहा है : मिश्रा



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजीतगढ़ खण्ड के नाथूसर मण्डल का हिंदू सम्मेलन ढाबावाली गांव स्थित बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित हुआ। ठाकुरजी महाराज मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई जो कार्यक्रम स्थल पंहुची। विहिप के जिलाध्यक्ष मनोज बंसिया ने कहा हिंदू समुदाय को संगठित करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, जाति-पाति के भेद भाव को मिटाना और सनातन संस्कृति व मूल्यों को संरक्षित करना ये समय की आवश्यकता है। बंसिया ढाबावाली में हिन्दू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना है, हमें अपने घरों में सनातनी संस्कारों को पुनर्जीवित करना होगा। परिवार में प्रतिदिन प्रार्थना करें और बच्चों को हमारी परंपराओं और संस्कृति से अवगत करायें। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सरपंच रामेश्वर मीणा ने की। वृंदावन पीठ महंत कृष्णकांत मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन सनातनियों के लिए प्रेरणामूलक है, हमें श्रीराम की तरह परिवार, समाज, राष्ट्र के निर्माण में सहयोग करना चाहिए, उनका जीवन त्याग व समर्पण का रहा है, त्याग व समर्पण से ही हम परिवार और समाज को मजबूत कर सकते हैं। अतिथियों का स्वागत जगदीश भादवा, हनुमान सहाय मिश्रा, रतनलाल जांगिड़ रतनपुरा आदि ने किया। मुकेश खांडल ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा के अनुसार रामेश्वरी देवी, गोविंद राम, कन्हैयालाल, गौतम शर्मा, नागरमल शर्मा व भेरुलाल आदि का सम्मान हुआ। छात्रा मोंटू खांडल ने देशभक्ति नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी व अक्षिता ने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम के अंत में आचार्य कृष्णकांत मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन शंकर लाल शर्मा ने किया। बड़ी संख्या में मातृ शक्ति शामिल हुई। कार्यक्रम के अंत में सभी को ध्वज पताका भेंट की गई।

## हिंगोनिया गौशाला जाएंगे खाचरियावास गौ हत्या मामले में आंदोलन की चेतावनी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने मुख्यमंत्री निवास के समीप गाय के बछड़े का सिर काटकर लटकाने की घटना को लेकर भाजपा और स्थानीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण के लिए स्थानीय विधायक गोपाल शर्मा और भाजपा पदाधिकारी जिम्मेदार हैं। खाचरियावास ने आरोप लगाया कि घटना के दिन पुलिस ने भाजपा सरकार और विधायक के दबाव में बयान दिया। उन्होंने कहा कि हिंगोनिया गौशाला से बछड़े का सिर लाए जाने संबंधी बयान भ्रामक है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन और हिंगोनिया गौशाला के संचालक संत रघुवीर दास ने भी कथित रूप से इस दावे का खंडन किया है। उनका कहना है कि यदि जयपुर में किसी गाय या बछड़े की मृत्यु होती है तो उसे हिंगोनिया गौशाला में निर्धारित स्थान पर दफनाया जाता है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पूरे मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने जयपुर में गायों की तस्करी और गौ हत्या के मामलों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन करेगी। खाचरियावास ने घोषणा की कि 15 फरवरी को वे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ हिंगोनिया गौशाला पहुंचकर वहां की स्थिति का निरीक्षण करेंगे और गायों की सुरक्षा को लेकर संचालकों से चर्चा करेंगे। साथ ही जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में गोरक्षा यात्राएं निकालने और विरोध-प्रदर्शन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

## सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण व आमजन की सुरक्षा हेतु रखें सतत निगरानी : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार आपणी योजना में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रबंधन के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने आईरेड प्लेटफॉर्म पर दर्ज तीन अथवा तीन से अधिक मृत्यु वाली दुर्घटनाओं पर विस्तृत चर्चा की तथा पुराने व वर्ष 2026 के नए डाटा अद्यतन कर तुलनात्मक विश्लेषण की बात कही। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं के कारणों का एनालिसिस करें ताकि प्रभावी समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस, सार्वजनिक निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा संबंधित विभागों व एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इसलिए सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभागों का समुचित समन्वय रहे तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व आमजन की सुरक्षा हेतु सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से सड़क सुरक्षा जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाकर आमजन को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग व यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने रतनगढ़ में संगम चौराहा से गौशाला तक समुचित पानी निकासी, अनावश्यक मोड़ को दुरुस्त करने, सरदारशहर, पर्यावरण चौक से रेल्वे फाटक तक इक्कठे होने वाले गन्दे पानी के निकासी हेतु एस्टीमेंट बनाने, भालेरी में एकत्रित पानी के निकासी हेतु पाइपलाईन व अन्य वैकल्पिक कार्य करवाने, जिला हाईवे सुरक्षा टास्क फोर्स हेतु कमेटी बनाने, एनएच-52 पर सड़क निर्माण कार्य के कारण रतननगर से आगे गलत दिशा से आ रहे वाहनों एवं अवैध रोड कट के कारण दुर्घटना की संभावना को अस्थाई स्पीड ब्रेकर एवं अन्य सड़क सुरक्षा संबंधी प्रावधान करने, अवैध रोड कट को बंद करने, आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनवाने, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, बैरिकेडिंग तथा पुलिस निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

## थानाधिकारी को दिया परिवाद

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** एक दिन पहले ही एडीएम कार्यालय में महावीर पोसवाल के समर्थन में हुए प्रदर्शन को लेकर कोतवाली थानाधिकारी को एडवोकेट राजेंद्र सोनी ने परिवाद दिया है। परिवाद में एडवोकेट राजेंद्र सोनी ने बताया है कि 13 फरवरी को मैं कोतवाली थाने में न्याय प्राप्त करने के लिए गया था लेकिन वहां पर पहले से ही करीब 100 लोगों की भीड़ एकत्रित हो रखी थी।

जिसके कारण में कोतवाली सीआई से नहीं मिल पाया और न्याय में बाधा पहुंची। इसलिए मामले में नियमानुसार बीएनएस की धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जावे। आपको बता दे कि कोतवाली थाना और एडीएम ऑफिस एक ही परिसर में संचालित है।

## शिविर आज

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लॉयन्स क्लब तारानगर की ओर से रविवार सुबह 9 बजे जीआरटी हॉस्पिटल में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने बताया कि शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की नेत्र विशेषज्ञ टीम अपनी सेवाएं देगी।

# महाशिवरात्रि

# परम कल्याणकारी हैं भगवान शिव

महाशिवरात्रि का पावन पर्व फाल्गुन मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। ईशान संहिता के अनुसार ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव होने से यह पर्व महाशिवरात्रि के नाम से लोकप्रिय हुआ। यह शिव और पार्वती के विवाह के रूप में हर घर में मनाया जाता है। इस पवित्र दिन पूरा भारत शिव भक्ति में तल्लीन हो जाता है और भगवान शिव के चरणों में अपने आप को अर्पित कर पुण्य अर्जित करना चाहता है। महाशिवरात्रि का पर्व उत्तर में काश्मीर लेकर दक्षिण के आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना के सभी मंदिरों में भव्य रूप से मनाया जाता है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर सहित देश के विभिन्न प्रान्तों में स्थित समस्त द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शिव भक्तों की महा भीड़ उमड़ती है। भारत के गाँव गाँव और गली गली में भगवान शिव के छोटे-बड़े मंदिर विद्यमान हैं और ऐसा ही मनोरम दृष्य प्रत्येक शिवाले का रहता है। भारत के पड़ोसी देशों बांग्लादेश और नेपाल के शिव मंदिरों में भी यह पर्व मनाया जाता है। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में यह पर्व व्यापक रूप में मनाया जाता है तथा भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है। शिवरात्रि व्रत व भगवान शिव की महिमा का वर्णन शिव पुराण में मिलता है। भगवान शिव की महिमा वेदों में भी कही गयी है। उपनिषदों में भी शिव जी की महिमा का वर्णन मिलता है। रूद्र हृदय, दक्षिणामूर्ति, नील रूद्र उपनिषद आदि उपनिषदों में शिवजी की महिमा का वर्णन मिलता है। भगवान शिव ने अपने श्रीमुख से शिवरात्रि व्रत की महिमा का वर्णन स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और पार्वती जी को किया है। निष्ठा तथा सकाम भाव से सभी व्यक्तियों के लिए यह महान व्रत परम हितकारी माना गया है।

महादेव जी थोड़ा सा जल और बेलपत्र पाकर भी संतुष्ट हो जाते हैं। वे सभी के कल्याण स्वरूप हैं। इसलिए सभी को शिवजी की पूजा करनी चाहिये। शिव जी सभी को सौभाग्य प्रदान करने वाले हैं भगवान शिव कार्य और करण से परे हैं। ये निर्गुण, निराकार,निर्बाध, निर्विकल्प निरीह, निरंजन, निष्काम, निराधार तथा सदा नित्यमुक्त हैं। भगवान शिव पंचाक्षर और षडाक्षर मंत्र हैं तथा केवल ऊँ नमः शिवाय कहने मात्र से ही वे प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव सर्वोपरि देव हैं। सम्पूर्ण सृष्टि के स्वामी हैं। सम्पूर्ण विश्व शिवकृपा से ही पाश मुक्त हो सकता है। भगवान श्री शिव की उपासना के बिना साधक अभीष्ट लाभ नहीं प्राप्त कर सकता। शिवोपासना के द्वारा ही परम तत्व शिवत्व की प्राप्ति संभव है। जब से सृष्टि की रचना हुई हैं तब से भगवान शिव की आराधना व उनकी महिमा की गाथाओं से भण्डार भरे पड़े हैं। स्वयं भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण ने भी अपने कार्यों की बाधारहित सिद्धि के लिये उनकी साधना की और शिव जी के शरणागत हुए। भगवान श्रीराम ने लंका विजय के पूर्व भगवान शिव की आराधना की। भगवान शिव के भक्तों व उनकी आराधना की कहानियां हमारे पुराणों व धर्मग्रथों में भरी पड़ी है। जो भी व्यक्ति चाहे वह कैसा भी हो या फिर किसी भी दृष्टि से उसने भगवान शिव की आराधना की हो भगवान शिव ने आराधना से प्रसन्न होकर सभी को आशीर्वाद दिया। यदि किसी ने उनके आशीर्वाद का गलत उपयोग किया तो उन्होनें उसका उसी रूप में निराकरण भी किया। सभी कहानियों का सार यही है कि भगवान शिव अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं। भगवान शिव ने देवराज इंद्र पर कृपा दृष्टि डाली तो उन्होनें अग्निदेव, देवगुरू, बृहस्पति और मार्कण्डेय पर भी कृपा दृष्टि डाली।

हिंदी कवियों ने भी भगवान शिव की स्तुति व महिमा का गुणगान किया है। हिंदी के आदि कवि चंदबरदाई ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ पृथ्वीराज रासो के प्रथम खंड आदि कथा में भगवान शिव की वंदना की है। महान कवि विद्यापति ने भी अपने पदों में भगवान शिव का ही ध्यान रखा है। महान कवि सूरदास ने भी शिवभक्ति प्रकट की है। भगवान शिव की महिमा का वर्णन गोस्वामी तुलसीदास ने भी किया है। सिख धर्म के अंतिम गुरू गोविंद सिंह महाराज द्वारा लिखित दशम ग्रन्थ साहिब में भी शिवोपासना का विशेष वर्णन मिलता है। भगवान शिव परम कल्याणकारी है।



जगदगुरू हैं। वे सर्वोपरि तथा सम्पूर्ण सृष्टि के स्वामी हैं। उन्होंने इस समस्त संसार व सांसारिक घटनाओं का निर्माण किया है। सांसारिक विषय भोगों से मनुष्य बंधा है तथा शिवकृपा से ही वह पाप मुक्त हो सकता है। भगवान शिव जब प्रसन्न होते हैं तो साधक को अपनी दिव्य शक्ति प्रदान करते हैं जिससे अविद्या के अंधकार का नाश हो जाता है और साधक को अपने इष्ट की प्राप्ति होती है। इसका तात्पर्य यह है कि जब तक मनुष्य शिव जी को प्रसन्न करके उनकी कृपा का पात्र नहीं बन जाता तब तक उसे ईश्वरीय साक्षात्कार नहीं हो सकता। अतः कहा जा सकता है कि ज्ञान और भक्ति इन तीनों के परमार्थ तथा सभी विद्याओं, शास्त्रों, कलाओं और ज्ञान-विज्ञान के प्रवर्तक आशुतोष भगवान शिव की आराधना के बिना साधक अभीष्ट लाभ नहीं प्राप्त कर सकता। शिवोपासना के द्वारा ही परम तत्व अथवा शिवत्व की प्राप्ति संभव है। भगवान शिव अपने भक्त की आराधना से भी प्रसन्न होकर उसक ा तत्क्षण परम कल्याणकर देते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शिव पूजन और व्रत करना चाहिये। परात्पर सच्चिदानंद परमेश्वर शिव एक है। वे विश्वातीत भी हैं और विश्वमय भी। वे गुणातीत और गुणमय भी हैं। भगवान शिव में ही विश्व का विकास संभव है। भगवान शिव शुद्ध, सनातन, विज्ञानानंद घन, परब्रह्म हैं उनकी आराधना परम लाभ के लिए ही या उनका पुनीत प्रेम प्राप्त करने के लिए ही करनी चाहिये। सांसारिक हानि- लाभ प्रारब्ध होते हैं इनके लिए चिंता करने की बात नहीं। शिव जी की शरण लेने से कर्म शुभ और निष्काम हो जायेंगे। अतः किसी भी प्रकार के कर्मों की पूर्ति के लिये न तो चिंता करनी चाहिए और नहीं भगवान से उनके नाशार्थ प्रार्थना ही करनी चाहिये। ऊँ नमः शिवाय या फिर अपनी जिहवा पर शिव मंत्र का स्मरण करने से व्यक्ति सांसारिक चिंताओं से मुक्त हो सकता है। अतः परम कल्याणकारी सृष्टिकर्ता व पूरे विश्व के नीति नियंता भगवान शिव की आराधना तन, मन, धन से एकाग्रचित होकर करनी चाहिये।

# विश्व में शांति एवं सहजीवन के प्रेरक हैं भगवान शिव

भगवान शिव शक्ति के प्रतीक ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ काल में हुआ था, वे आदिदेव है, देवों के देव है, महादेव हैं। उनके जन्मोत्सव को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शिव पुराण के अनुसार सृष्टि के आरंभ में ब्रह्मा ने इसी दिन रुद्र रूपी शिव को उत्पन्न किया था। शिव एवं हिमालय पुत्री पार्वती का विवाह भी इसी दिन हुआ था। अतः यह शिव एवं शक्ति के पूर्ण समरस होने की रात्रि भी है। वे सृष्टि के सर्जक हैं। वे मनुष्य जीवन के ही नहीं, सृष्टि के निर्माता, पालनहार एवं पोषक हैं। उन्होंने मनुष्य जाति को नया जीवन दर्शन दिया। जीने की शैली सिखलाई। शिव सभी देवताओं में वे सर्वोच्च हैं, महानतम हैं, दु:खों को हरने वाले हैं। वे कल्याणकारी हैं तो संहारकर्ता भी हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि को असंख्य श्रद्धालु शिव की भक्ति में मग्न होकर शिवत्व का जन्म दिवस मनाते हैं। यह शिव से मिलन की रात्रि का सुअवसर है। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक चेतना की ज्योति किरण है। इससे हमारी चेतना जाग्रत होती है, जीवन एवं जगत में प्रसन्नता, गति, संगति, सौहार्द, ऊर्जा, आत्मशुद्धि एवं नवप्रेरणा का प्रकाश परिव्याप्त होता है। यह पर्व जीवन के श्रेष्ठ एवं मंगलकारी व्रतों, संकल्पों तथा विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। भौतिक एवं भोगवादी भागदौड़ की दुनिया में शिवरात्रि का पर्व भी दु:खों को दूर करने एवं सुखों का सृजन करने का प्रेरक है। भोलेनाथ भाव के भूखे हैं, कोई भी उन्हें सच्ची श्रद्धा, आस्था और प्रेम के पुष्प अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर सकता है। दिखावे, ढोंग एवं आडम्बर से मुक्त विद्वान-अनपढ़, धनी-निर्धन कोई भी अपनी सुविधा तथा सामर्थ्य से उनकी पूजा और अर्चना कर सकता है। शिव न काठ में रहता है, न पत्थर में, न मिट्टी की मूर्ति में, न मन्दिर की भव्यता में, वे तो भावों में निवास करते हैं। भगवान शिव भोले भण्डारी है और जग का कल्याण करने वाले हैं। सृष्टि के कल्याण हेतु जीर्ण-शीर्ण वस्तुओं का विनाश आवश्यक है। इस विनाश में ही निर्माण के बीज छुपे हुए हैं। इसलिये शिव संहारकर्ता के रूप में निर्माण एवं नव-जीवन के प्रेरक भी है। सृष्टि पर जब कभी कोई संकट पड़ा तो उसके समाधान के लिये वे सबसे आगे रहे। जब भी कोई संकट देवताओं एवं असुरों पर पड़ा तो उन्होंने शिव को ही याद किया और शिव ने उनकी रक्षा की। समुद्र-मंथन में देवता और राक्षस दोनों ही लगे हुए थे। सभी अमृत चाहते थे, अमृत मिला भी लेकिन उससे पहले हलाहल विष निकला जिसकी गर्मी, ताप एवं संकट ने सभी को व्याकुल कर दिया एवं संकट में डाल दिया, विष ऐसा की पूरी सृष्टि का नाश कर दें, प्रश्न था कौन ग्रहण करें इस विष को। भोलेनाथ को याद किया गया गया। वे उपस्थित हुए और इस विष को ग्रहण कर सृष्टि के सम्मुख उपस्थित संकट से रक्षा की। उन्होंने इस विष को कंठ तक ही रखा और वे नीलकंठ कहलाये। इसी प्रकार गंगा को पृथ्वी पर लाने के लिये भोले बाबा ने ही सहयोग किया। क्योंकि गंगा के प्रचंड दबाव और प्रवाह को पृथ्वी कैसे सहन करें, इस समस्या के समाधान के लिये शिव ने अपनी जटाओं में गंगा को समाहित किया और फिर अनुकूल गति के साथ गंगा का प्रवाह उनकी जटाओं से हुआ। ऐसे अनेक सृष्टि से जुड़े संकट और उसके विकास से जुड़ी घटनाएं हैं जिनके लिये शिव ने अपनी शक्तियों, तप और साधना का प्रयोग करके दुनिया को नव-जीवन प्रदान किया। शिव का अर्थ ही कल्याण है, वही शंकर है, और वही रुद्र भी है। शंकर में शं का अर्थ कल्याण है और कर का अर्थ करने वाला। रुद्र में रु का अर्थ दु:ख और द्र का अर्थ हरना- हटाना। इस प्रकार रुद्र का अर्थ हुआ, दु:ख को दूर करने वाले अथवा कल्याण करने वाले।

यह पर्व महाकाल शिव की आराधना का महापर्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पूजा एवं अभिषेक करने पर उपासक को समस्त तीर्थों के स्नान का फल प्राप्त होता है। शिवरात्रि का व्रत करने वाले इस लोक के समस्त भोगों को भोगकर अंत में शिवलोक में जाते हैं। शिवरात्रि की पूजा रात्रि के चारों प्रहर में करनी चाहिए। शिव को बिल्वपत्र, धतूरे के पुष्प तथा प्रसाद में भांग अति प्रिय हैं। लौकिक दृष्टि से दूध, दही, घी, शकर, शहद- इन पाँच अमृतों (पंचामृत) का पूजन में उपयोग करने का विधान है। महामृत्युंजय मंत्र शिव आराधना का महामंत्र है। शिवरात्रि वह समय है जो पारलौकिक, मानसिक एवं भौतिक तीनों प्रकार की व्यथाओं, संतापों, पाशों से मुक्त कर देता है। शिव की रात शरीर, मन और वाणी को विश्राम प्रदान करती है। लौकिक जगत में लिंग का सामान्य अर्थ चिह्न होता है जिससे पुल्लिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग की पहचान होती है। शिव लिंग लौकिक के परे है। इस कारण एक लिंगी है। आत्मा है। शिव संहारक हैं। वे पापों के संहारक हैं। शिव की गोद में पहुंचकर हर व्यक्ति भय-ताप से मुक्त हो जाता है। शिवरात्रि जागृति का पर्व है। जिसमें आत्मा का मंगलकारी शिव से मिलना होता है। यह आत्म स्वरूप को जानने की रात्रि है। यह स्वयं के भीतर जाकर अथवा अंतश्चेतना की गहराइयों में उतरकर आत्म साक्षात्कार करने का दुर्लभ प्रयोग है। यह आत्मयुद्ध की प्रेरणा है, क्योंकि स्वयं को जीत लेना ही जीवन की सच्ची जीत है, शिवत्व की प्राप्ति है।



# अदृभुत होती है भगवान शंकर की बारात देवताओं के साथ भूत पिशाच भी होते है शामिल

**भगवान शिव की बारात के बारे में माना जाता है कि इसमें भूत-प्रेत नाचते हुए पार्वतीजी के घर तक पहुंचे थे और बारातियों ने सजने धजने की बजाय खुद पर भस्म को रमाया हुआ था। आइए जानते हैं शिव विवाह और उनकी बारात से जुड़ा किस्सा। माना जाता है कि पवित्र सप्तऋषियों द्वारा विवाह की तिथि निश्चित कर दिये जाने के बाद भगवान शंकर जी ने अपने गणों को बारात की तैयारी करने का आदेश दिया। उनके इस आदेश से अत्यन्त प्रसन्न होकर गणेश्वर शंखकर्ण, कंकराक्ष, विकृत, विशाख, विकृतानन, दुन्दुभ, कपाल, कुण्डक, काकपादोदर, मधुपिंग, प्रसथ, वीरभद्र आदि गणों के अध्यक्ष अपने अपने गणों को साथ लेकर चल पड़े। नन्दी, क्षेत्रपाल, भैरव आदि गणराज भी कोटि कोटि गणों के साथ निकल पड़े। ये सभी तीन नेत्रों वाले थे। सबके मस्तक पर चंद्रमा और गले में नील चिन्ह थे। सभी ने रुद्राक्ष के आभूषण पहन रखे थे। सभी के शरीर पर उत्तम भस्म पुती हुई थी। इन गणों के साथ शंकर जी के भूतों, प्रेतों, पिशाचों की सेना भी आकर सम्मिलित हो गयी। इनमें डाकिनी, शाकिनी, यातुधान, बेताल, बह्मराक्षस आदि भी शामिल थे।**

इन सभी के रूप रंग, आकार प्रकार, वेष भूषा, हाव भाव आदि सभी कुछ अत्यन्त विचित्र थे। किसी का मुख नहीं था तो किसी के बहुत से मुख थे। कोई बिना हाथ पैर का था तो कोई बहुत से हाथ पैरों वाला था। किसी के बहुत सी आंखें थीं तो किसी के एक भी आंख नहीं थी। किसी का मुख गधे की तरह, किसी का स्यार की तरह तो किसी का मुख कुत्ते की तरह था। उन सभी ने अपने अंगों में ताजा खून चुपड़ रखा था। कोई अत्यन्त पवित्र तो कोई अत्यन्त वीभत्स तथा अपवित्र वेष धारण किये हुए था। उनके आभूषण बड़े ही डरावने थे। उन्होंने हाथ में नर कपाल ले रखा था। वे सब के सब अपनी तरंग में मस्त होकर नाचते गाते और मौज उड़ाते हुए महादेव शंकर जी के चारों ओर एकत्र हो गये। चण्डीदेवी बड़ी प्रसन्नता के साथ उत्सव मनाती हुई भगवान रुद्रदेव की बहन बनकर वहां आ पहुंचीं। उन्होंने सर्पों के आभूषण से स्वयं को विभूषित कर रखा था। वे प्रेत पर आरुढ़ होकर अपने मस्तक पर सोने का एक अत्यन्त चमकीला कलश धारण किये हुए थीं। धीरे धीरे वहां सारे देवता भी आकर एकत्र हो गये। उसे देवमण्डली के मध्यभाग में सबके अंतर्यामी भगवान श्रीविष्णु गरुड़ के आसन पर विराज रहे थे। पितामह ब्रह्माजी भी उनकी बगल में मूर्तिमान वेदों, शास्त्रों, पुराणों, आगमों, सनकादि महासिद्धों, प्रजापतियों, पुत्रों तथा अन्यान्य परिजनों के साथ उपस्थित थे। देवराज इंद्र भी नाना प्रकार के आभूषण धारण किये अपने विशाल ऐरावत गज पर आरुढ़ हो वहां पहुंच गये थे। सभी प्रमुख ऋषि भी वहां आ गये थे। तुम्बरु, नारद, हाहा और हूहू आदि श्रेष्ठ गंधर्व तथा किन्नरगण भी शिवजी की बारात की शोभा बढ़ाने के लिए वहां पहुंच गये थे। संपूर्ण जगन्माताएं, सारी देवकन्याएं, गायत्री, सावित्री, लक्ष्मी आदि सारी सिद्धिदात्री देवियां तथा सभी पवित्र देवकन्याएं भी वहां आ गयी थीं। इन सबके वहां एकत्र हो जाने के उपरांत भगवान शंकर जी साक्षात धर्म स्वरूप अपने स्फटिक के समान उज्ज्वल, सर्वांग सुंदर वृषभ पर सवार हुए। उस समय सारे देवताओं, सिद्धों, महर्षियों और भूतों, प्रेतों, यक्षों, किन्नरों, गंधर्वों से घिर हुए दूल्हावेश में भगवान शिवजी की अद्भुत शोभा हो रही थी। उस अति पवित्र, दिव्य और अत्यन्त विचित्र बारात के प्रयाण के समय डमरूओं की डम डम, भेरियों की गड़गड़ाहट और शंखों के गंभीर मंगलनाद, ऋषियों-महर्षियों के मंत्रोच्चार, यक्षों, किन्नरों, गंधर्वों के सरस गायन और देवांगनाओं के हर्ष विभोर नृत्य, कणन और रणन ध्वनि के मांगलिक निनाद से तीनों लोक परिव्याप्त हो उठे। इस प्रकार भगवान शिवजी की वह पवित्र बारात हिमालय की ओर प्रस्थित हुई। महादेव की इस दिव्य बारात का स्मरण, ध्यान, वर्णन और श्रवण सभी प्रकार के लौकिक पारलौकिक उत्तम फलों को प्रदान करने वाला है।





# महाशिवरात्रि पर करें भगवान शिव के इन मंत्रों का जाप, मृत्यु भय से मिलेगा छुटकारा

**महाशिवरात्रि का पर्व बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है यह पर्व भोलेनाथ को समर्पित है। यह दिन शिव के विवाह दिवस का प्रतीक है। महाशिवरात्रि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाई जाती है। महाशिवरात्रि एक हिंदू पर्व है जो भगवान शिव का सम्मान करता है, इसे शिव की रात भी कहा जाता है। इस दिन भक्त दिन-रात व्रत रखकर भगवान की पूजा करते हैं। यह दिन शिव और शक्ति का मिलन का दिन है। इस दिन भगवान भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती से हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन शिवलिंग पूजा के दौरान भगवान शिव के महा मंत्रों का जाप किया जाए तो इससे मृत्यु का भय दूर हो जाता है और कुंडली में बनने वाले अकाल मृत्यु का योग भी टल जाता है।**

## दिनदहाड़े थाने से कुछ दूर से स्कूटी चोरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें अब पुलिस का भी कोई खौफ नहीं रहा। इसका ताजा उदाहरण राजधानी जयपुर के अशोक नगर थाना इलाके के हिरण वाला बाग के पास स्थित युधिष्ठिर मार्ग सी स्कीम में देखने को मिला। यहां एक चोर ने पुलिस स्टेशन से महज कुछ दूरी युधिष्ठिर मार्ग स्थित आस्था स्क्वायर के पास बाहर खडी होंडा एक्टीवा स्कूटी चोरी कर ली। जिसकी जानकारी स्कूटी मालिक ने नजदीकी अशोक नगर थाना पुलिस को दी है। जानकारी के अनुसार मामला शुक्रवार दोपहर करीब 2 से 4 बजे का है। चोर इतने शातिर थे के आसानी से इस दिनदहाड़े वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। पुलिस स्टेशन के इतने करीब हुई इस वारदात से इलाके में नाराजगी है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोग अपने वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 272 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीणमाता कस्बे में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जीणमाता, हर्ष, रैवासा आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर निःशुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 272 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में जीणमाता सरपंच सुभाष शेषमा, उपसरपंच श्रीराम, भामाशाह पवन, कमल पुजारी, दीपक पाराशर, गणेश, महेंद्र, एएसआई घीसालाल, रघुवीर सिंह व बंशीधर सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

## शिव गायत्री महायज्ञ आज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महाशिवरात्रि पर रविवार को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में सुबह नौ से दोपहर बारह बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में निःशुल्क पंच कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। निशुल्क यज्ञ में सभी श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के विशिष्ट मंत्रों से आहुतियां अर्पित करेंगे। इससे पूर्व आदिदेव महादेव का पूजन किया जाएगा। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ के विद्वानों की टोली संपन्न कराएंगी। आचार्य पीठ से शिव परिवार के जीवन दर्शन से शिक्षा पर विशेष उद्बोधन होगा। इस दौरान फाल्गुनी माहौल में वैष्णव और शैव परंपरा का दृश्य देखने को मिलेगा। एक ओर जहां ठाकुर श्रीजी का विधिवत पूजन। राधा.राधा का जयघोष सुनाई देगा। दूसरी ओर यहां सजाई जा रही रचना झांकी में रंग.बिरंगी गुलाल से आदिदेव महादेव और जगत जननी मां पार्वती की रचना झांकी सजाई जाएगी। इसी बीच शिव गायत्री महामंत्र के स्वर सुनाई देंगे।

## लाखों के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** बीती रात गांव पार्वतीसर में अज्ञात चोरों ने लाखों रूपए की चोरी को अंजाम दिया है। सरपंच प्रतिनिधि महावीर सिंह पार्वतीसर ने बताया कि बीती रात गांव के गुमान सिंह के परिजन खाना खाकर सो गए। देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते मकान में घुसे और सो रहे घर के सदस्यों के कमरों को बाहर से बंद कर दिया तथा एक अन्य कमरे में रखे दो संदूकों को उठा कर बाहर ले आए।

एक संदूक को मकान के बाहरी हिस्से में छोड़ दिया और दूसरे संदूक को पास ही स्थित शमशान में ले गए। वहां उन्होंने संदूक को खोल कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात चुरा लिए। चोरी की सूचना पर सालासर थाने के हैड कांस्टेबल दिलीप सिंह ने मौका मुआयना किया तथा एफएसएल टीम के एएसआई तेजाराम, हैड कांस्टेबल जगदीश प्रसाद जाखड़ ने मौके से पद चिन्ह सहित अन्य साक्ष्य उठाए। इस दौरान अनेक ग्रामीण मौजूद थे। चोरी की वारदात के संबंध में श्रवण सिंह पुत्र गुमान सिंह राजपूत ने सालासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट में बताया गया है कि अज्ञात चोर दो आड़, दो पुंछी, दो बगही, पांच नग अंगूठी 4 अंगुठी आदमी व 1 लेडिज, एक जोड़ी लूंग लेडिज, दो लोकेट गले का, एक जोड़ी लूंग आदमी, 10 नग चांदी की चूड़ी एक पायजेब की जोड़ी, दो चांदी की सिक्का चुरा कर ले गये।

# पुलिस कमिश्नर ने जनसुनवाई कर परिवादियों को दी राहत

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश भी दिए। इस दौरान विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशंस राहुल प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रथम मनीष अग्रवाल, पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम एवं सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा व संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जनसुनवाई के दौरान कई परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत देने के लिए थाना स्तर में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र में आपसी मुकदमें, पारिवारिक विवाद, जमीनी विवाद, मकानों पर कब्जे, अवैध कब्जे, चोरी, मारपीट सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच कर कम से कम समय में निश्चित समयावधि में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिवादियों की समस्याओं का तुरंत रिस्पॉन्स देने और निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। इस जनसुनवाई के दौरान पुलिस थाना झोटवाड़ा, करधनी, खोराबीसल, कालवाड़ एवं मुरलीपुरा क्षेत्र के परिवादियों ने अपनी समस्याएं पुलिस कमिश्नर को बताकर समाधान पाया। जनसुनवाई की खास बात यह रही कि परिवादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया और समय लगने वाली अन्य समस्याओं के जल्द समाधान के लिए भी निर्देश दिया गया।

## विधायक शर्मा ने 87 छात्राओं को वितरित की साइकिल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने शनिवार को बनीपार्क स्थित वीर सावरकर शैक्षणिक परिसर मीरा मार्ग में आयोजित संयुक्त कार्यक्रम में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की कुल 87 छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया।

विधायक शर्मा ने सीएसआर सहयोग से स्थापित वाटर कूलर एवं आरओ सिस्टम का लोकार्पण भी किया। विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार की नई शिक्षा नीति ने देश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक, तकनीक-आधारित और कौशल उन्मुख बनाया है। राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी निर्णय ले रही है। राजस्थान सरकार की साइकिल वितरण योजना बालिकाओं को विद्यालय से जोड़ने, ड्रॉपआउट दर कम करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सशक्त पहल है। विधायक शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब स्कूल के बाद आगे कॉलेज की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। इसी परिसर में क्षेत्र का पहला राजकीय महाविद्यालय प्रारंभ हो चुका है और उसका नया भवन भी निर्माणाधीन है। इससे बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में भी नवाचार, एआई युक्त मॉडल स्मार्ट कक्षाएं और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार किया जा रहा है। विधायक शर्मा ने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की।

## ग्रामीणों का आंदोलन जारी



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** गिरावड़ी गांव में पावर ग्रिड लाइन के लिए भैरूजी की बणी में काटने जाने वाले हजारों पेड़ों को बचाने के लिए गिरावड़ी गांव के लोग लगातार बीस दिन से उदयपुरवाटी एसडीएम कार्यालय के सामने धरना दे रहे है। धरने के 21 दिन बड़े स्तर हुए धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि गिरावड़ी गांव इतिहास पुराना है। पावर ग्रिड कंपनी का कोई आदमी गांव में घुसा तो कपड़े उताकर दौड़ाएंगे। छह घंटे तक धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम, तहसीलदार के साथ सीआई धरना स्थल पर वार्ता करने के लिए पहुंचे। इस दौरान रविन्द्र भडाना ने एसडीएम सुमन सोनल से कहा कि पावर ग्रिड कंपनी वालों को हम पर छोड़ दे और आप बीच में नहीं आए या फिर कंपनी वालों को कह दे कि लाइन दूसरी तरफ शिफ्ट कर ले। गिरावड़ी के भैरूजी की बणी का एक भी पेड़ काटने नहीं दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि उनकी उच्चाधिकारियों से बात हुई है। चीफ सेक्ट्ररी ने वार्ता करने के लिए बुलाया है। जिसके बाद निर्णय लिया गया कि धरना सोमवार तक जारी रहेगा और वार्ता के बाद अगला निर्णय लिया जाएगा। धरने में जितेन्द्र सिंह गिरावड़ी, अजय तसीड़, दारासिंह, रोहिताश गुर्जर, जयंत मूंड, दारासिंह, आसकरण गुर्जर, शिवा खटाना, भोपाल गुर्जर, रमेश सैनी, सुनील सैनी, युवा नेता पंकज सैनी, बलाराम सैनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति के संकल्प के साथ मनाई शिवरात्रि

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लुहारगाड़ा स्थित प्रजापति ब्रह्म कुमारी सेवा केंद्र में शनिवार को सुबह 90 वी शिव जयंती केंद्र के परिसर में प्रभारी बीके सुप्रभा के सानिध्य में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत परमात्मा शिव का झंडारोहण कर व्यसन मुक्त रहने व दूसरों को व्यसन मुक्ति दिलाने की प्रतिज्ञा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बीके शिल्पा ने अतिथियों का आत्म स्मृति तिलक लगाया। कुमारी गुनु व दिशू ने नृत्य कर परमात्मा का संदेश दिया। बी के सुप्रभा ने बताया कि शंकर के समान तपस्या कर जीवन की बुराइयों को नष्ट करना है, वही शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य है। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ोदा के मेनेजर सुधीर कुमार, करणी सिंह शेखावत, गिनी देवी प्रजापत, बजरंग सैन, गणेशाराम, गीता देवी प्रजापत, बोबासर सरपंच प्रतिनिधि आनन्द सिंह, मांगीलाल चोरडिया, विनोद कुमार सैनी, सीताराम शर्मा, महेंद्र कुमार योगी, रामकिशन जांगिड़, बाबूलाल जोशी, राजकुमार प्रजापत, अवतार सिंह, लक्ष्मी नारायण सोनी सहित अनेक शिव भक्त उपस्थित रहे।

## डीजीएस वार्षिकोत्सव एलैसिया आज

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** डूंडलोद गर्ल्स स्कूल, बलवंतपुरा में वार्षिक उत्सव एलैसिया 2026 का भव्य आयोजन 15 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। विद्यालय परिसर में इस समारोह को लेकर उत्साह, उमंग और व्यापक तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह कार्यक्रम छात्राओं की प्रतिभा, परिश्रम और उपलब्धियों को समर्पित एक भव्य उत्सव होगा, जिसमें शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं फिल्म प्रोड्यूसर सोनू सूद अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्षा खड़के, यूनियन मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया करेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मूर्तिकार नरेश कुमार कुमावत समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं को बेस्ट डांसर, बेस्ट एकेडमिक, रेगुलैरिटी, ऑल-राउंड परफॉर्मेंस सहित विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समूह नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन एवं विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो समारोह को अत्यंत आकर्षक और यादगार बनाएंगे तथा छात्राओं की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कला कौशल को मंच प्रदान करेंगे।

विद्यालय सचिव बी. एल. रणवा ने बताया कि एलैसिया 2026 का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच का विकास करना है। यह मंच उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विद्यालय प्राचार्या इंदु सोनी ने कहा यह कार्यक्रम केवल पुरस्कार वितरण नहीं, बल्कि हमारी छात्राओं की शिक्षा, कला और संस्कृति में उत्कृष्टता का उत्सव है। हम चाहते हैं कि वे बड़े सपने देखेंए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें।

## केंद्रीय बजट को लेकर श्रमिक संवाद सम्मेलन आयोजित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला भाजपा कार्यालय झुंझुनू में शनिवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर श्रमिक संवाद सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में ओबीसी मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी अंजू सैनी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व वंदे मातरम गीत के साथ हुआ मुख्य। वक्ता ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वार्षिक बजट 2026-27 को लेकर बताया की वार्षिक बजट 2026-27 अंत्योदय के भाव से परिपूर्ण भारत को विकसित भारत बनाने की दिशा में तीन प्रमुख कर्तव्य, त्वरित विकास आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सब का प्रयास पर केंद्रीय विकास के नए आयाम स्थापित करने वाला और समाज के हर वर्ग पिछड़ा वर्ग, महिला वर्ग, किसान वर्ग, युवा वर्ग, श्रमिकवर्ग, व्यापारी वर्ग सभी को सशक्त बनाने वाला है। यह बजट जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतरने वाला बजट है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया। धन्यवाद भाषण ओबीसी मोर्चा जिला संयोजक डॉ बी एल वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री दिलीप सैनी, उपाध्यक्ष सुनील लांबा, अजय चाहर, जिला मंत्री शशि कुमार, जिला प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश सुरा, पूर्व प्रधान सुनीता स्वामी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, कार्यकर्ता दीपक स्वामी, शेर सिंह चौहान, हनुमान प्रसाद, भीखा भाई आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता के साथ लिया गौ रक्षा का संकल्प



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवाजी पार्क जयपुर में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता गेंदालाल, सह क्षेत्र कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे व पूज्य प्रकाश दास महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व मोती डूंगरी गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें 1100 की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गेंदालाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठित हिंदू समाज से ही भारत एवं विश्व का कल्याण संभव है तथा पंच परिवर्तन के द्वारा ही समाज परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है इसलिए स्वयं के निजी जीवन व परिवार में पांच परिवर्तन की नियमित बातचीत होकर जीवन में उतारें। कार्यक्रम में संत प्रकाश दास महाराज का भी सानिध्य रहा। महाराज जी ने अपने देश भक्ति भजनों ओजस्वी उद्बोधन से हिन्दू समाज को प्रेरित कर प्रत्येक व्यक्ति से गौ रक्षा का एवं प्रत्येक परिवार से एक गाय गोद लेने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में पांच परिवर्तन के विषयों यथा पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार व सामाजिक समरसता पर प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही प्रेरणादाई साहित्य तथा गौ उत्पाद की स्टॉल भी लगाई गई।आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल राजेंद्र सिंह शेखावत सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पुलवामा के अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सोना देवी सेठिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में ब्लैक डे के अवसर पर पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. साधना सिंह एवं उपप्राचार्या डॉ. जयश्री सेठिया व समस्त स्टॉफ सदस्यों तथा छात्राओं द्वारा ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया और उनकी वीरता व बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी संजय वर्मा एवं इकाई द्वितीय अधिकारीचन्द्रप्रकाश गुर्जर सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य तथा छात्राएं उपस्थित रही।

**कार्यालय पंचायत समिति मण्डावा (झुन्झुनू)**

क्रंमाक:- ग्रा.प./ई-निविदा/2025-26/1243-47 दिनांक:- 12-2-26

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

पंचायत समिति की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में संकर्म निर्माण कार्यों को पंचायतराज विभाग नियम 1996 के नियम 181 के अंतर्गत करवाने हेतु इच्छुक संवेदकों से खुली निविदा 18.02.2026 तक आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO. ZJU2526A0728

UBN NO. ZJU2526WSOB01254

ZJU2526WSOBO1255

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति मण्डावा**

## ऑपरेशन क्लीन स्वीप : 29 ग्राम एमडी के साथ युवक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत दौलतपुरा थाना पुलिस ने ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध मादक पदार्थ एमडी मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से करीब 29.28 ग्राम एमडी बरामद की गई है। जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी कड़ी में शनिवार को दौलतपुरा थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । टीम को सूचना मिली कि एनएच-48 पर देव नारायण ढाबे के सामने सर्विस रोड पर एक संदिग्ध युवक मादक पदार्थ की तस्करी के लिए खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी तनिष्क शर्मा 24 निवासी झोटवाड़ा को दबोच लिया। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही हैं कि आरोपी यह नशा कहां से लाया था और जयपुर में इसे किसे सप्लाई इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुनील कुमार गोदारा के साथ उपनिरीक्षक प्रभुराम, हेड कांस्टेबल किशन लाल, कांस्टेबल रामदयाल, ओमप्रकाश, कमलेश, हजारी लाल और जितेंद्र की मुख्य भूमिका रही ।

## शादी समारोह में लाखों के गहने व नकदी भरा बैग चोरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में शादी समारोह के दौरान अज्ञात नकबजन लाखों रुपयो के गहने व नकदी भरा बैग चोरी कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित तुरंत थाने पहुंचा और अज्ञात नकबजन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक लुधियाना निवासी व्यक्ति अपनी बेटी की शादी के लिए परिवार और रिश्तेदारों के साथ जयपुर आए थे। समारोह थाना इलाके में स्थित श्दा ओएसिस रिसोर्ट में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पीड़ित ने अपना बैग पास की एक कुर्सी पर रख दिया। कुछ ही देर में बैग गायब हो गया। काफी तलाश करने के बावजूद बैग नहीं मिला, तो रिसोर्ट के कैमरों की जांच की गई। जिसमें अज्ञात नाबालिग लड़का बैग को कंधे पर लटकाकर कोट के नीचे छिपाते हुए तेजी से रिसोर्ट के बाहर जाता हुआ दिखाई दिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में कीमती गहने और लगभग 3 लाख रुपए नकद थे। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आज

निसं

**लक्ष्मणगढ़ ( नवयत्न )।** शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन चूरू एवं विशाल सिंह शेखावत निहाल कंवर सा मेमोरियल ट्रस्ट कुमास चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर रविवार को लगेगा। ब्रह्मलीन सिद्ध संत श्रद्धानाथ महाराज के पुण्य स्मृति में पीठाधीश्वर पद्मश्री संत बैजनाथ महाराज के सानिध्य में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। आश्रम के प्रकाशनाथ महाराज के अनुसार शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ बीएल गौड़, डॉ राजपाल मायल, डॉ कौशल, डॉ डीदास, डॉ हर्षवर्द्धन शेखावत एवं उनकी टीम द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जायेगी। शिविर चिकित्सा प्रभारी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अमरसिंह शेखावत ने बताया कि पथरी, गठिया, चर्म रोग, पाईल्स, टॉसिल, फीसर, फिस्चुला, नासूर, एलर्जी-नजला, एग्जीमा, खाज-खुजली, सोरायसिस, बच्चे दानी की गांठ, ट्यूमर, पित्ती, सफेद दाए, प्रोस्टेट, दमा आदि के अतिरिक्त स्त्री एवं बच्चों के रोगों की विशेष चिकित्सा व्यवस्था रहेगी। शिविर सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक रहेगा जिसमें रोगियों को जरूरत के अनुसार सभी दर्वाइंया नि:शुल्क प्रदान की जायेगी।

## सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी समाज के प्रमुख संत सतगुरु स्वामी पुरसनाराम साहिब का 193वां जन्मोत्सव रविवार को सेक्टर-4, जवाहर नगर स्थित स्वामी पुरसनाराम साहिब पार्क में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष साईं मुकेश साध सुबह 11 बजे जवाहर नगर स्थित निवास से धर्म ध्वजा फहराएंगे। दोपहर 2 बजे विशाल कलश यात्रा निकलेगी, जो जवाहर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पार्क पहुंचेगी। शोभायात्रा की अगुवाई गजराज करेंगे, वहीं ऊंट-घोड़े भी शामिल रहेंगे। स्वामीजी का चित्र बग्घी में विराजमान रहेगा। 331 महिलाएं एकरूप वेशभूषा में सिर पर गंगाजल से भरे कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए चलेंगी। मुख्य कार्यक्रम शाम 4:30 बजे होगा, जिसमें कटनी मध्य प्रदेश के सुप्रसिद्ध सिंधी गायक गोरधन उदासी और दिलीप उदासी भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगे। रात्रि में 193 पाउंड का शाकाहारी केक काटा जाएगा तथा पल्लव प्रार्थना के बाद महाआरती होगी। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न शहरों से श्रद्धालु भाग लेंगे।

## घुमन्तु समुदाय के पहचान पत्र शिविरों की अवधि 15 तक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बताया कि घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु पहचान पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज जारी करने के उद्देश्य से जिले में 12 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित शिविरों की प्रगति अपेक्षानुसार नहीं पाई गई। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा अधिकाधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शिविरों की आयोजन अवधि में 15 दिवस की वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। अब ये शिविर 15 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे। संबंधित उपखण्ड अधिकारी, जो कि शिविर प्रभारी अधिकारी होंगे, द्वारा घुमन्तु समुदाय बाहुल्य क्षेत्रों एवं बस्तियों में शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही शिविरों के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, घुमन्तु समुदाय के प्रमुख संगठनों एवं समुदाय के व्यक्तियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए हैं कि घुमन्तु समुदाय के पात्र व्यक्तियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु पहचान पत्र जारी करने की कार्यवाही परिपूर्णता के लक्ष्य के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण की जाए।

# हिंदू सम्मेलन की पूर्व संध्या पर निकाली वाहन रैली

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा क्षेत्र के विजयनगर अंतर्गत देवधारा बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन रविवार को दोपहर 2:30 बजे से रामेश्वरधाम कॉलोनी स्थित महेश पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। हिन्दू समाज की एकता, समरसता एवं जागरूकता के उद्देश्य से आययोजित विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियां को शनिवार को अंतिम रूप दिया गया। सम्मेलन की पूर्व संध्या पर शनिवार को वाहन रैली निकाली गई। शंकर विहार कॉलोनी स्थित नव दुर्गा पार्क से रवाना हुई वाहन रैली में सैंकड़ों श्रद्धालु भगवा ध्वज लगे दुपहिया वाहन पर जय श्री राम, हिंदू जगेगा विश्व जगेगा भारत माता की जय हिंद हिंदू भाई भाई के जयघोष लगाते हुए दस कॉलोनियों से होकर गुजरे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर वाहन रैली का स्वागत किया गया। शंकर विहार, बाइपास, दादी का फाटक, विकासनगर एएबीएसीए डीए विस्तारए रामेश्वरधाम कॉलोनी होते हुए वाहन रैली देवधारा कॉलोनी स्थित आयोजन स्थल महेश पब्लिक स्कूल पहुंचकर संपन्न हुई। शनिवार शाम को सभी संयोजकों सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में रविवार को हिंदू समाज की दशा और दिशा पर चिंतन किया जाएगा।

मुख्य वक्ता पर्यावरण गतिविधि राजस्थान के प्रमुख अशोक कुमार शर्मा होंगे। संतों-महंतों, शहीदों के परिजनों के सान्निध्य में होने वाले कार्यक्रम में हनुमान चालीसा पाठ भजन संध्या, शिव-पार्वती का विवाह, उज्जैन के महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती, शिव तांडव नृत्य, फागोत्सव के आयोजन भी होंगे। फुलों की होली और फागोत्सव के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। समाजसेवा में कार्यरत लोगों का सम्मान किया जाएगा। सभी श्रद्धालु अपने घर से आरती का दीपक लाएंगे और महाआरती करेंगे। मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर दोपहर 1:30 से शाम 5 बजे तक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें कलश यात्रा, शौर्य प्रदर्शन, हनुमान चालीसा पाठ, पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता, कारसेवकों का सम्मान सहित अनेक आयोजन होंगे। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शनिवार को टोंक फाटक के आदर्श बाजार में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया। राजकीय विद्यालय रूपारामपुरा के पास में आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। करतापुरा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत गोपालशरण महाराज के सान्निध्य में आयोजित सम्मेलन के मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद् के प्रान्त मंत्री राधेश्याम गौतम थे। उन्होंने पंच परिवर्तनों को जीवन का अंग बनाने का संकल्प कराया।

## सही समय पर उपचार की शुरुआत से बच्चों को कैंसर मुक्त करना संभव

**जयपुर ( नवयत्न )।** कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन जब यह बच्चों को प्रभावित करती है तो यह अधिक संवेदनशील और जटिल बन जाती है। बच्चों में कैंसर की पहचान करना कठिन होता है क्योंकि इसके लक्षण आम बीमारियों से मिलते-जुलते हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय बच्चों की बीमारी को कभी नजरअंदाज ना करे। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल की बाल कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्चों में वयस्कों के मुकाबले कैंसर का उपचार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वहीं कैंसर से ठीक होने वालों में बच्चों की संख्या ज्यादा है। डॉ. शिवानी माथुर ने बताया कि बच्चों में होने वाले कैंसर वयस्कों के कैंसर से अलग होते हैं। ये आमतौर पर तेजी से विकसित होते हैं और इनके इलाज के लिए विशेष प्रकार की चिकित्सा की जरूरत होती है। बच्चों में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में ल्यूकेमिया रक्त कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, लिंफोमा, न्यूरोब्लास्टोमा, विल्म्स ट्यूमर किडनी कैंसर, रेटिनोब्लास्टोमा, ऑस्टियो सारकोमा और इविंग सारकोमा हड्डियों का कैंसर है। बच्चों में होने वाले कैंसर को कोई एक स्पष्ट कारक नहीं है, लेकिन कुछ संभावित कारणों पर शोध किया गया है। इनमें है आनुवंशिक कारक, पर्यावरणीय कारण जैसे रेडिएशन, प्रदूषण और जहरीले रसायनों के संपर्क में आने एवं प्रतिरक्षा प्रणाली की गड़बड़ी। बच्चों में कैंसर के कई लक्षण नजर आते हैं। इन लक्षणों में शामिल हैं। अत्यधिक थकान और कमजोरी, लगातार बुखार रहना, असामान्य वजन घटना, हड्डियों या जोड़ों में दर्द, बार-बार संक्रमण होना, शरीर पर असामान्य सूजन या गांठ, आंखों की रोशनी में गिरावट या सफेद चकते दिखना। अगर ये लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। बच्चों में कैंसर की रोकथाम पूरी तरह से संभव नहीं है, लेकिन कुछ सावधानियां अपनाकर जोखिम को कम किया जा सकता है जैसे स्वस्थ आहार दें, जिसमें ताजे फल, हरी सब्जियां और पोषक तत्वों से भरपूर भोजन देंवे। बच्चों को समय-समय पर टीके लगवाएं और सफाई का विशेष ध्यान दें। प्रदूषण से बचाव करें, बच्चों को अत्यधिक धुएं, केमिकल्स और रेडिएशन से दूर रखें। इसके साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच। अगर कोई लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। भगवान महावीर कैंसर चिकित्सालय के हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उपेन्द्र शर्मा ने बताया कि बीएमसीएच में बच्चों के कैंसर से जुड़ी दो परीयोजनाएं चलाई जा रही हैए जिसके तहत बच्चों का नि:शुल्क उपचार किया जाता है।

## भगवान मुनिसुव्रतनाथ के जयकारों से गूंजें मंदिर

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जैन धर्मावलंबियों ने शनिवार, 14 फरवरी को जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया । इस मौके पर राजधानी के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन हुए तथा निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढाया गया। अभादिजैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्रात: मुनिसुव्रतनाथ भगवान के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई । जिसके तत्पश्चात श्री जी की अष्ट द्रव्य से पूजा की गई। निर्वाण काण्ड भाषा के उच्चारण के बाद मंत्रोच्चार के साथ भगवान मुनिसुव्रतनाथ का मोक्ष कल्याणक श्लोक का सामूहिक उच्चारण करते हुए मोक्ष कल्याणक अर्घ्य एवं निर्वाण लाडू चढाया गया । भगवान मुनिसुव्रतनाथ की 108 दीपकों से महाआरती के बाद समापन हुआ ।

# बाबा श्याम के दरबार मची रे होळी

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में श्री श्याम फागोत्सव में श्री मठाधीश शिवालय प्रांगण में स्थित सांवरिया सरकार के मासिक श्याम कीर्तन में धमाळ, अबीर गुलाल, भजन व चंग पर नृत्य, फुलों की होली का उपस्थित श्रद्धालुओं ने जमकर आनन्द लिया। कीर्तन के मुख्य यजमान बालकिशन भार्गव, सोमदत्त काछवाल, मनोज प्रजापत मित्र मंडली द्वारा ज्योति प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कीर्तन में गायक एस.पी.वर्मा, संजय मुरारका, शेलन्द्र त्रिवेदी ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दी।

कीर्तन के मध्य बाबा श्याम की धमालो व चंग की थाप पे भक्त लोग जमकर नाचे ओर फुलों की होली खेली। देर रात तक चले इस फागोत्सव कार्यक्रम में बालकिशन जोशी, प्रमोद चमड़िया, जगदीश साखोलिया, सुरेश कुमार मुरारका, जसकरण चौधरी, मोहन शर्मा, रमेश सिन्धी, गजेंद्र धरद, विष्णु सराफ, नारायण सोनी, प्रवीण चांदगोठिया, सुरेश बाबू सिंधी, सीताराम चोटिया, योगेश भार्गव, सीताराम प्रजापत, संजय चौधरी, विजय सराफ, ललित चौधरी, कुणाल सिन्धी, पुरषोत्तम जोशी, विष्णु स्वामी, लीलाधर जोशी, सहित काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तों की उपस्थित थे।

# माताओं के जागृत होने से एक नहीं बल्कि दो परिवारों का उद्धार होता है : सूर्यप्रकाश

निसं




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पोद्दारों की बगीची में विवेकानंद बस्ती के हिन्दू समाज द्वारा विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। परमाणा ताल के पास स्थित रामस्नेही बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित देवेश जोशी के स्वस्ति वाचन के साथ व अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया। डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर संस्कार केंद्र की बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना एवं स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुति देकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता सूर्यप्रकाश ने कहा कि . माताओं के जागृत होने से एक नहीं बल्कि दो परिवारों का उद्धार होता है। अयोध्या से पधारे संत रामकिशोर शरण ने रामायण एवं महाभारत जैसे महान हिन्दू ग्रंथों से प्रभु श्री राम और शबरी, केवट, निषाद एवं द्रौपदी के चरित्रों का उदाहरण दिया। संत शुकदेवाचार्य महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी का सर्वोच्च स्थान रहा है। हमारे यहां स्त्री उपभोग की नहीं वरन् पूजा की पात्र रही है। नीलम गौड़ ने काव्य पंक्तियों के माध्यम से समाज को वेदों की ओर चलने की बात कही। कार्यक्रम में वाल्मीकि संस्कार केंद्र की बालिकाओं ने देश भक्ति गीत व नृत्य नाटिका एवं नवोदयन विद्यालय के बालक बालिकाओं ने सस्वर गीता पाठ प्रस्तुत किया। पोद्दार बगीची के व्यवस्थापक प्रकाश पारीक ने सभी को जाति पांति त्यागकर एकजुट होकर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप लढा ने किया। कार्यक्रम में लॉटरी द्वारा चयनित 10 भाग्यशाली भक्तों को उपहार देकर तथा बस्ती के गणमान्य नागरिकों को विविध क्षेत्रों में विशिष्ट सेवा देने हेतु भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया व ओम प्रकाश पुजारी द्वारा कल्याण मंत्र का उच्चारण किया। इस अवसर पर वासुदेव चाकला, सुरेंद्र शर्मा, गौतम महर्षि, मदनलाल कम्मा, वेदप्रकाश पंवार, श्रवण सोढ़ा, मानसिंह शेखावत, सीताराम बबेरवाल, श्यामसुंदर खेमका धनराज महर्षि, प्रकाश पारीक, मोहनलाल बबेरवाल, परमेश्वर प्रजापत, रामपाल फोगला, रामलाल पांडिया, ईश्वरचन्द बबेरवाल, रामदेव चंदनिया, गौरी शंकर कम्मा, लादू सिंह शेखावत, शंकर लाल कम्मा, पूर्णमल कम्मा, बेगराज जांगिड़, बजरंग जांगिड़, किशन लाल जांगिड़, रामगोपाल चौधरी, छवि, पूर्वी, नेहा बबेरवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

## जलदाय विभाग ने वसूली अभियान चलाया



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ शहर में जलदाय विभाग ने पानी के बकाया बिल जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं व अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफसख्ती बढ़ा दी है। विभाग के अधिशाषी अभियंता महेंद्र कांटीवाल एवं सहायक अभियंता पूजा शर्मा के निर्देशानुसार विभागीय टीमों का गठन कर विशेष वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लंबे समय से बिल जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही अवैध रूप से लिए गए जल कनेक्शनों को चिन्हित कर तत्काल हटाने की कार्रवाई भी की जा रही है। विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक शहर में पानी के बिलों की कुल बकाया राशि तीन करोड़ 65 लाख 47 हजार 343 रुपए दर्ज की गई है, जिसकी वसूली के लिए अभियान को और तेज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि बकाया राशि जमा नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। टीम में जेईएन विष्णु शर्मा, विक्रमसिंह, योगेश चौहान, भंवरलाल, सीताराम शामिल है।

## यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज ने निकाला मशाल जुलूस




**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज के लोगों ने शनिवार शाम कानून को वापस लेने की मांग को लेकर नौलखा कोठी बाजार से मुख्य चौपड़ बाजार, सुरानी बाजार, गुप्ता पेंट वाली गली, अस्पताल चौराहा होते हुए वापस चौपड़ बाजार में श्रद्धांजलि दी गई। प्रदर्शन के दौरान सवर्ण समाज के पदाधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कानून को तुरंत निरस्त करने की मांग उठाई। मशाल जुलूस नौलखा कोठी बाजार से शुरू होकर सीकर बाजार, सुराणी बाजार, अस्पताल चौराहा, गोपीनाथ मंदिर और खंडेला बाजार होते हुए मुख्य चौपड़ बाजार पहुंचा। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में समाज के लोग हाथों में मशाल लेकर शामिल रहे, जुलूस के समापन पर सभा आयोजित कर वक्ताओं ने यूजीसी कानून को समाज के हितों के खिलाफ बताया और इसे वापस लेने की मांग दोहराई। कार्यक्रम के अंत में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया।

## अब नहीं चलेगी कांग्रेस की भ्रम और अफवाह की राजनीति : मदन राठौड़

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा भाजपा सरकार को डबल इंजन नहीं, ट्रबल इंजन कहे जाने पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा लगातार भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति की जा रही है, लेकिन अब प्रदेश की जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है और ऐसे भ्रामक प्रचार को स्वीकार करने वाली नहीं है। अब ट्रबल कांग्रेस को होने वाली है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस वर्षों से झूठे आरोपों और भ्रम की राजनीति के माध्यम से जनता को गुमराह कर वोट प्राप्त करने का प्रयास करती रही है। किंतु वर्तमान समय में प्रदेश की जनता सजग है और विकास के मुद्दों पर निर्णय ले रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब कांग्रेस को ही श्ट्रबलश् होने वाली है, क्योंकि उसके भ्रम फैलाने के प्रयास सफल नहीं होंगे। राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता अब भ्रम और अफवाहों की राजनीति को नकार चुकी है। जनता विकास चाहती है, रोजगार चाहती है, सुरक्षित और सुखी जीवन चाहती है। भाजपा सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है और आने वाले समय में प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का अर्थ है कि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर एक ही विचारधारा की सरकार होने से विकास कार्यों में समन्वय और गति मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ राजस्थान को मिल रहा है और राज्य में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। डबल इंजन सरकार ने ही कांग्रेस द्वारा सालों से अटकाई गई महत्वाकांक्षी ईआरसीपी योजना को धरातल पर लाने का काम किया है। डोटासरा भूल गए है कि इसी कांग्रेस सरकार की घोर लापरवाही के चलते हरियाणा से यमुना जल समझौता दशकों तक फाइलों में दबा रहाए जबकि मोदी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने इस योजना को भी धरातल पर लाने का काम किया है। उन्होंने कांग्रेस के इस आरोप को सिरे से खारिज किया कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती योजनाओं को श्ठंपश् कर दिया है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित की योजनाओं को आगे बढ़ा रही है तथा पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता दे रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190